卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 271 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦12 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत, नहीं हो सकेंगे रिहा



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। लेकिन ईडी की ओर से उनकी गिरफ्तारी के मामले को सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच को सौंप दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी। इस मामले में चीफ जस्टिस तीन जज नियुक्त करेंगे। केजरीवाल को तब तक अंतरिम जमानत दी गई है, जब तक मामला बड़ी बेंच के समक्ष लंबित रहेगा। इस वज से फिलहाल केजरीवाल जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। वह मौजूदा समय में सीबीआई की कस्टडी में हैं लेकिन उन्हें जमानत ईडी केस में मिली है। ऐसे में अभी वह जेल में ही रहेंगे। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने अपने फैसले मे तीन सवाल तय करते हुए मामले को बड़ी बेंच के समक्ष भेजा है। केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें निचली अदालत के द्वारा घोटाले मामले मे केजरीवाल को दिए गए समन को सही माना था। कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को उनकी गिरफ्तारी के कारण पद छोड़ने का निर्देश नहीं दे सकती हैं, यह उनका खुद (शेष पृष्ठ सात पर)

## हल्द्वानी रेलवे भूमि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और रेलवे के अधिकारी को किया तलब



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बहुचर्चित बनभूलपुरा रेलवे प्रकरण में शुक्रवार को सुप्रीमकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टि उज्जवल भुयान ने केस को सुना और पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को नियत की है। सुप्रीमकोर्ट की बेंच ने राज्य सरकार तथा पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से इस मामले में अगली तारीख 24 जुलाई को एक-एक अधिकारी को प्लान के साथ तलब किया है। इस मामले में कुल 11 जनहित याचिकाएं सुप्रीमकोर्ट में सुनवाई के लिए दाखिल हैं। सूत्रों के अनुसार मतीन सिद्दीकी की याचिका में कॉलिन गोंसाल्विस मौजूद थे। उनकी तरफ से पहले ही फाइनल जवाब दाखिल किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि हम फाइनल बहस को तैयार हैं। कोई भी डेट दे दी जाए। शराफत खान की याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने शिकायत के लहजे में बहस करते हुए कोर्ट को अवगत कराया कि अभी ये ही साफ नहीं हो सका है कि कहां नजूल है और कहां रेलवे, रेलवे के पास अभी कोई साइट प्लान तक नहीं है। मामला जिला अदालत में पेंडिंग था और हाईकोर्ट में नई याचिका दाखिल हुई और उस पर आदेश भी हो गया। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। रेलवे (शेष पृष्ठ सात पर)

## बद्रीनाथ हाईवे पर चौथे दिन शुरू हुई आवाजाही

गोपेश्वर(उद संवाददाता)। भारी बारिश के चलते जोशीमठ के पास अवरुद्ध बदरीनाथ राजमार्ग 72 घंटे से बंद होने के कारण दोनों तरफ औली, हेमकुंड साहिब, बदरीनाथ और फूलों की घाटी जाने वाले 2,800 से अधिक यात्री मौजूदगी में यात्रियों की पैदल आवाजाही कराई जा रही है। दूसरे छोर से यात्री स्थानीय वाहनों में आगे के लिए रवाना हो रुक-रुक कर पत्थर और मलबा गिर रहा है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की टीम जान जोखिम में डालकर रास्ता





ज्यादा समय बीतने के बाद आखिरकार चौथे दिन वाहनों की आवाजाही के लिए खुल गया। जिससे मार्ग में फंसे श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। 72 घंटे तक मार्ग फंसे हुए थे। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब, सेना, व्यापारी और स्थानीय निवासी यात्रियों के लिए भोजन का प्रबंध करने में जुटे रहे। फिलहाल, एसडीआरएफ की रहे हैं। बता दें बदरीनाथ राजमार्ग मंगलवार से जोशीमठ और जोगीधारा के बीच बाधित है। यहां भूस्खलन से 20 मीटर से अधिक मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। पहाड़ी से खोलने के लिए दिन-रात कार्य कर रही है, लेकिन मार्ग पर आई एक विशालकाय चट्टान चुनौती बनी हुई है। बीआरओ ने चट्टान को तोड़ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क टूटने से स्टेट हाईवे पर यातायात ठप

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। स्टेट हाईवे का एक हिस्सा देर रात बारिश से फिर बह गया। जिससे इस मार्ग पर यातायात फिलहाल कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है। सूचना पर पुलिस और लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।फिलहाल भारी वाहनों का आवागमन बंद हो गया है छोटे वाहनों की निकासी के लिए चकलुवा गांव का सहारा लेना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन छोटी गाड़ी का इस्तेमाल करना पड़ रहा है अथवा पैदल ही सफर करना पड़ेगा। ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है यहां पर स्कूल को बेलपड़ाव कालाढूंगी की ओर से एक बस से बच्चों को लाना पड़ रहा है फिर चकलुवा के पास से हल्द्वानी साइड से दूसरी बस से (शेष पृष्ठ सात पर)



## कोतवाल के खिलाफ एसएसपी कार्यालय पर गरजीं महिलाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस ग्राम भगवानपुर कोलडिया में अतिक्रमण हटाने के दौरान विरोध कर रही महिलाओं के साथ कोतवाल द्वारा की गई अभद्रता के खिलाफ शुक्रवार को ग्राम की कई महिलाओं ने एस एस पी कार्यालय के समक्ष



प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। एस एस पी को लिखे ज्ञापन में कहा गया है कि जहां बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओं की बात प्रशासन करता है वही उत्तराखंड पुलिस में उपस्थित कुछ अधिकारी महिलाओं को जानवर से भी बत्तर समझते हैं। इसका उदाहरण कुछ दिनों पहले पंतनगर चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी की (शेष पृष्ठ सात पर)

## 2027 के चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी कांग्रेस: रावत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी वर्ष 2027 में उत्तराखण्ड राज्य में होने वाले विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सत्ता की बागडोर संभालेगी। किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के यहां आवास विकास स्थित कार्यालय में यह दावा करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि इसके लिए पार्टी ने कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा पार्टी के नेताओं ने लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा कर उन सभी विधान सभा सीटों पर संगठन को ओर मजबूत करने का निर्णय लिया है जहां पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा है। श्री रावत ने कहा कि संगठन के साथ अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। श्री रावत ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि सरकार की अतिक्रमण हटाने को लेकर दोहरी नीति चल रही है। एक ओर सरकार राज्य में सरकारी भूमि पर से अतिमण हटाने के निर्देश दे रही है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा के ही विधायक अतिक्रमण हटाने में बाधक बन कर सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीब मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों को मालिकाना हक देने की पक्षधर रही है और इसके लिए कांग्रेस ने सत्ता के दौरान कार्य भी किये। लेकिन आज प्रदेश में गरीबों को लगातार उजाड़ा जा रहा है। श्री रावत ने कहा कि प्रदेश की नदियों में आ रही बाढ़ के लिए सरकार की खनन नीति में खामियां हैं। भाजपा सरकार के संरक्षण में अवैध खनन में लगे माफिया नदियों व नालों से दिन रात खनन कर नदियों का स्वरूप बिगाड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में मार्ग निर्माण में भी सरकार की दूरदर्शिता नजर नहीं आई। जिसके परिणाम स्वरूप पहाड़ों में लगातार भूस्खलन हो रहा है। हजारों तीर्थयात्री मार्ग में फंसे हुए हैं वहीं स्थानीय लोगों को भी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आज पुलिस का राजनैतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने में लगी है। जिस कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से पंगु हो गई है। वार्ता के दौरान विधायक तिलकराज बेहड़, मीना शर्मा, हरीश बाबरा, साजिद खान, संजय जुनेजा, सुनीता कश्यप, दिनेश पंत, गौरव बेहड़, अनिल (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

समाचार पत्र में मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता

सम्पर्क करे- 9897427586

## बीडीसी सदस्य के पति पर हमला

रूद्रपुर। काशीपुर मार्ग पर ग्राम भगवानपुर कुलाडिया में लोनिवि द्वारा उजाड़े गए परिवारों से मिलने गए समाजसेवी तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य राखी जोशी के पति राकेश जोशी पर शुक्रवार प्रात: एक युवक ने हमला कर दिया। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। राकेश जोशी पुत्र स्व. शिव दत्त जोशी निवासी ग्राम भगवानपुर ने बताया कि उनके गाँव में गत दिवस अतिक्रमण हटाया गया था। जिसके प्रभावितों को उन्होंने गत रात्रि खिचड़ी बांटी। सुबह अपनी बाईक संख्या यूके 06 एटी 3548 पर सवार होकर गाँव में लोगो के पास उनका हाल पूछने गया था। तभी गाँव में रहने वाले श्री भगवान नाम के युवक ने उनका गिरेबान पकड़कर उन्हें मोटर साईकिल से नीचे गिरा दिया। उसके बाद लोहे की रॉड लेकर उन पर हमला कर दिया। गाँव के लोगो ने उसे बचाया वरना उक्त युवक उन्हें जान से मार देता। भविष्य में उन्हें उक्त युवक से जानमाल का खतरा बना हुआ है। घटना से ग्राम के लोगों में रोष व्याप्त हो गया है।

## घर में घुस कर चोरों ने आभूषण और नगदी चुराई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गृहस्वामी की गैर मौजूदगी में चोरों ने एक घर में घुस कर लाखों रूपए के सोने-चांदी के आभूषण, कीमती मूर्तियां और नगदी चुरा ली। गृहस्वामी की चोरी की सूचना पुलिस को दी है। कार्तिकेय कालोनी फेज-2 निकट हनुमान मंदिर कुसुमखेड़ा हल्द्वानी निवासी नितिन सूर्या पुत्र मोहन सिंह सूर्या ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह पिछले एक सप्ताह से भीमताल में रह रहा था। जबकि उसके परिजन पिताजी के उपचार के लिए दिल्ली गए हुए थे। बीती 9 जुलाई को उसके छोटे भाई का फोन आया कि पड़ोसी ने बताया कि उनके घर के चौनल का गेट खुला हुआ है। सूचना पर जब वह घर पहुंचा तो घर का (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।

सम्पर्क करे- 9897427586

## उत्तराखण्ड सीड्स एण्ड तराई डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि०, पंतनगर, पो०- हल्दी, जनपद ऊधम सिंह नगर

पत्रांक: बी0नि0/09/2024/10824
दिनांक 19 जून 2024

## आदेश

मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या 109(एस.बी.) धर्मपाल बनाम टी0डी0सी0 व अन्य में पारित निर्णय दिनांक 19.02.2024 के क्रम में वादी श्री धर्मपाल, सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 26.02.2024 के सम्बन्ध में निम्नवत आदेश किया जाता है :-

बिन्दु 02 के प्रस्तर A के सम्बन्ध में श्री धर्मपाल, सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी की प्रथम नियुक्ति की दिनांक: 16.04.1985 से 19 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण करने पर समयमान वेतनमान के अन्तर्गत दिनांक: 16.04.2004 को एक वेतन वृद्धि की देयता होती थी परन्तु श्री धर्मपाल का दिनांक 10.10.2003 को बीज उत्पादन अधिकारी के पद वेतनमान रू. 8000-13500 में पदोन्नति होने के फलस्वरूप एक वेतन वृद्धि प्रदान की गयी जिस कारण 19 वर्ष की देयता समाप्त हो गयी है।

बिन्दु 02 के प्रस्तर B के सम्बन्ध में सार्वजनिक उद्यम ब्यूरों, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 2225 दिनांक 30.11.2011 के अनुसार निगम के कार्मिकों को ए०सी०पी० का वित्तीय लाभ शासनादेश की निर्गत तिथि 30.11.2011 से प्रभावी किया गया है तथा निगम की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दिनांक: 30.11.2011 से अप्रैल-2013 तक के ए०सी०पी० एरियर का भुगतान किसी भी कार्मिक को नहीं किया गया है। श्री धर्मपाल, सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी को मई 2013 से सेवानिवृत्ति की तिथि 31.08.2020 तक का ए०सी०पी० एरियर रु. 4,01,463.00 एंव 139 प्रतिशत मंहगाई भत्ता की गणना के अनुसार ग्रेच्युटी की अन्तर धनराशि रू. 1,36,687.00 तथा अवकाश नकदीकरण धनराशि रू. 89,380.00 कुल धनराशि रू. 6,27,530.00 को भुगतान चेक संख्या: 947590 दिनांक: 17.02.2024 के माध्यम से कर दिया गया है।

बिन्दु 02 के प्रस्तर C के सम्बन्ध में श्री धर्मपाल, सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी को सेवानिवृत्ति की तिथि 31.08.2020 तक की गणना के अनुसार दिनांक: 01.01.2016 से 30.06.2016 तक 06 प्रतिशत बढ़े हुए मंहगाई भत्ता की दर से मंहगाई भत्ता का एरियर अन्य कार्मिको की भांति धनराशि रू. 1,52,267.00 का भुगतान चेक संख्या: 947584 दिनांक: 16.02.2024 के माध्यम से किया जा चुका है। दिनांक: 01.07.2016 से 31.08.2020 तक के मंहगाई भत्ता का एरियर भुगतान निगम की वित्तीय स्थिति ठीक न होने के कारण किसी भी कार्मिक को नहीं किया गया है। अतएव वर्तमान में श्री धर्मपाल, सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी देयता नहीं बनती है।

बिन्दु 02 के प्रस्तर D के सम्बन्ध में निगम में वर्तमान समय में 139 प्रतिशत मंहगाई भत्ता लागू है जिसके आधार पर श्री धर्मपाल, सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी को ग्रेच्युटी की अन्तर धनराशि रू. 1,36,687.00 तथा अवकाश नकदीकरण धनराशि रू. 89,380.00 का भुगतान चेक संख्या: 947590 दिनांक: 17.02.2024 के माध्यम से किया गया है। माह अगस्त-2020 तक का मंहगाई भत्ता निगम में लागू होने पर तत्समय अन्तर धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

बिन्दु संख्या: 04 का प्रस्तर के सम्बन्ध में श्री धर्मपाल, सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी की प्रथम नियुक्ति की दिनांक: 16.04.1985 से 19 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण करने पर समयमान वेतनमान के अन्तर्गत दिनांक: 16.04.2004 को एक वेतन वृद्धि की देयता होती थी परन्तु श्री धर्मपाल का दिनांक 10.10.2003 को बीज उत्पादन अधिकारी के पद वेतनमान रू. 8000-13500 में पदोन्नति होने के फलस्वरूप एक वेतन वृद्धि प्रदान की गयी जिस कारण 19 वर्ष की देयता समाप्त हो गयी है।

बिन्दु संख्या: 04 का प्रस्तर B के सम्बन्ध में मौलिक नियम के आधार पर वेतन सम्बन्धी विषय का निस्तारण. नहीं किया जाता। वेतन सम्बन्धी मामले का निस्तारण शासनादेश के आधार पर किया गया है।

बिन्दु संख्या: 04 का प्रस्तर C के सम्बन्ध में श्री धर्मपाल सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी के प्रकरण में मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड को उपलब्ध कराये गये तथ्य शासनादेश के अनुरूप है।

बिन्दु संख्या: 04 का प्रस्तर D श्री धर्मपाल, सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी से सम्बन्धित नहीं है। अतएव उक्त पर विचार नहीं किया जाता है।

बिन्दु संख्या: 04 का प्रस्तर E के सम्बन्ध में शासनादेश दिनांक 02.12.2000 की व्यवस्था निगम में लागू नहीं है।

बिन्दु संख्या: 04 का प्रस्तर F के सम्बन्ध में निगम की निदेशक मण्डल की 233वीं बैठक दिनांक: 20.08.2020 में लिये गये निर्णय के अनुसार निगम कार्मिकों को पूर्व में प्रदाय किये सेवालाभ का पुन: परीक्षण की कार्यवाही चल रही है। परीक्षण के उपरान्त शासनादेश के अनुरूप सेवालाभ अनुमन्य करते हुए तदनुसार कार्यवाही की जा रही है।

बिन्दु संख्या: 05 का प्रस्तर A के सम्बन्ध में निगम में शासनादेश संख्या: 2225 दिनांक: 30.11.2011 एंव पठनीय शासनादेश संख्या: 872 दिनांक: 08.03.2011, शासनादेश संख्या: 313 दिनांक: 30.10.2012 एंव शासनादेश संख्या: 214 दिनांक: 30.10.2012 के आधार पर समस्त श्रेणी के कार्मिकों को दिनांक: 01.09.2008 से ए०सी०पी० की सुविधा के अन्तर्गत वेतन निर्धारण किया गया है। परन्तु निगम की वित्तीय स्थिति ठीक न होने के कारण शासनादेश संख्या: 2225 की निर्गत तिथि 30.11.2011 से निगम कार्मिकों को ए०सी०पी० का वित्तीय लाभ दिया गया है। श्री धर्मपाल सेवानिवृत्त, उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी को भी उक्तानुसार ए०सी०पी० प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्या: 05 का प्रस्तर B के सम्बन्ध में निगम द्वारा वित्तीय स्थिति को देखते हुए निगम कार्मिकों को दिनांक: 30.11.2011 से ए०सी०पी० का वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

बिन्दु संख्या: 05 का प्रस्तर C के सम्बन्ध में निगम कार्मिकों को निगम की वित्तीय स्थिति को देखते हुए दिनांक: 30.11.2011 से ए०सी०पी० का वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

बिन्दु संख्या: 05 का प्रस्तर D श्री धर्मपाल सेवानिवृत्त, उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी से सम्बन्धित नहीं है। अतएव उक्त पर विचार नहीं किया जाता है।

अत: मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल द्वारा दिनांक 19.02.2024 को पारित आदेश के क्रम में श्री धर्मपाल सेवानिवृत्त उप मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक: 26.02.2024 का निस्तारण उक्तानुसार किया जाता है।

( उदय राज सिंह )
प्रबन्ध निदेशक

# अंडर पास के लिए डीएम से मिला प्रतिनिधि मण्डल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में रेलवे अंडरपास खुलवाने की मांग को लेकर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं ठाकुर जगदीश सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि



मंडल ने जिलाधिकारी उदय राज सिंह से मुलाकात की ।निवर्तमान में रामपाल सिंह बताया कि छतरपुर रोड से नैनीताल रोड को जोड़ने वाला अहम मार्ग है। इसके आस पास करीबन दर्जनों से अधिक गांव है मार्ग ना होने से करीब तीस हजार की आबादी हर रोज प्रभावित हो रही है ऐसे में अंडरपास ना होने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। तमाम साइकिल व बाइक सवार जान जोखिम में डालकर ट्रैक के ऊपर से गुजरते हैं। अंडरपास निर्माण कार्य होने से रुद्रपुर शहर को भी जाम की स्थिति से निजात मिलेगा आसपास रहने वाले हजारों लोगों को जिन्होंने किसी न किसी काम से सिडकुल, जिला चिकित्सालय, विकास भवन, स्पोर्ट्स स्टेडियम, पुलिस लाइन अटरिया रोड, पंतनगर हवाई अड्डा, हल्द्वानी आदि आने जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे जिससे सबका आवागमन सुगम हो सकेगा। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि रेलवे अंडर पास निर्माण कार्य से संबंधित जो भी तकनीकी रुकावट थी उसे दूर किया जा रहा है रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक कर शीघ्र ही रेलवे अंडरपास का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा जिसके लिए प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिलाधिकारी उदय राज सिंह का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, अनिल चौहान,ठाकुर जगदीश सिंह केशव शर्मा, देवेन्द्र सिंह बामल, ज्ञान सिंह चौहान, रघु राज सिंह रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच दिन पूर्व नदी में बहे युवक का शव बरामद

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। पांच दिन पूर्व सूखी नदी में बहे युवक संजीत का शव गोठा के नदी किनारे गन्ने के खेत में ग्रामीण ने बरामद कर लिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को रतनफार्म नंबर एक अंतर्गत निर्मल नगर बीस क्वार्टर निवासी 35 वर्षीय संजीत मण्डल पुत्र हजारी मण्डल खेत में काम करने के लिए गया था, संजीत नदी के तेज बहाव में बह गया था। ग्रामीणों व पुलिस टीम ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नही चल सका था। सूचना पर तमाम ग्रामीण व पुलिस टीम मौके पर पहुंच गये थे। ग्रामीणों व पुलिस ने युवक को ढूंढने के लिए काफी प्रयास किये लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला था। शुक्रवार को पांच



दिन बाद संजीत का शव गोठा नदी के किनारे गन्ने के खेत से बरामद हुआ। ग्रामीणों ने शव मिलने पर पुलिस और परिजनों को सूचना दी। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पूर्व सभासद धर्मेन्द्र शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व सभासद धर्मेन्द्र शर्मा का बीते दिवस आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ वक्त से गुर्दा रोग से पीड़ित थे वे भारतीय जनता युवा मोर्चा रूद्रपुर के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके थे। उनके निधन पर नगर की तमाम सियासी पार्टियों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को रूद्रपुर नगर के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। भाजपा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष सुनील ठुकराल मिक्की ने कहा कि स्वर्गीय शर्मा भाजपा और सँघ परिवार के अत्यंत ही निष्ठावान तथा समर्पित कार्यकर्ता थे उन्होंने भाजपा को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत की ओर संगठन को मजबूती प्रदान की , सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र सुखीजा ने कहा कि स्वर्गीय धर्मेंद्र शर्मा रूद्रपुर की भाजपा कार्यकर्ताओं के दिल की धड़कन थे और लोगों की समस्याओं को हल करने में हमेशा ततपर रहे । साहित्यकार कस्तूरीलाल तागरा भाजपा नेता भारत भूषण चुघ वेदप्रकाश ठकराल , यशपाल घई,राजेश जग्गा , दीपक दावड़ा ,नरेंद्र गगनेजा , सुरेश मदान , राजकोली , धर्मसिंह कोली , पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिनवछाबड़ा , गौतम पपनेजा ,माही सकलानी,कमलचिलाना, होमीकुरैशी, मीराचौहन, गौराव मिड्ढा, प्रियंक चिलाना,सुरभि आहूजा,राजीव गगनेजा, प्राण ठक्कर, इन्द्रजीत अरोड़ा तथा लोकतन्त्रसेनानी सुभाष चंद्र छाबड़ा समेत तमाम लोगों ने गहरा शोक व्यक्त कर अपनी संवेदनाएं परिवार के प्रति व्यक्त की हैं ।

# बाजार में खरीदारी के दौरान महिला से छेड़छाड़, दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बाजार में खरीदारी के दौरान छेड़छाड़ के आरोप में महिला की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सिद्दा निवासी जसप्रीत कौर पत्नी अमनदीन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 3 जुलाई को वह मोटरसाईकिल से अपने पति के साथ बाजार सब्जी खरीदकर घर लौट रही थी कि तभी बाजार में ही दो लड़के पीछे हार्न बजाकर उन्हें रोकने का प्रयास कर रहें थे जिसमें एक युवक रिंकु एंव उसका साथी ने बाईक के सामने मोटरसाईकिल रोककर बदतमीजी कर मारपीट करते हुए अपशब्द कहने लगे। साथ ही आरोप है कि युवकों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने कहा कि उक्त लोग उसके पति से रंजिश रख उसे जान से मारने की धमकी दे रहें है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भू माफियाओं ने फैलाया अवैध कालोनियों का जाल

## अलीगंज रोड पर फोरलेन के दोनों ओर भू माफिया सक्रिय



काशीपुर(उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की टीम अलीगंज रोड को टारगेट नहीं कर पा रही है। इस मार्ग पर भू माफियाओं ने अवैध कालोनियों का जाल फैला रखा है। मुख्य मार्ग के बराबर से होकर निकल रहे लोक निर्माण विभाग के नाले पर अवैध अतिक्रमण करते हुए दर्जनों स्थानों पर बगैर अनुमति के स्लैब डाले गए है तो वहीं दूसरी ओर एक भू माफिया द्वारा सेंट मैरी स्कूल के सामने सरकारी नाले को मिट्टी के मलवे से पाट दिया गया है। इसी अलीगंज रोड पर फोरलेन के आसपास दर्जनों स्थानों पर अवैध कालोनियों का जाल फैला है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सीमित दायरे में कार्यवाही की औपचारिकता कर रहे हैं। इसी तरह ग्राम सरवरखेड़ा में फोर लेन के आसपास भू माफियाओं ने अपना मकड़जाल फैलाना शुरू किया है। यह सभी इलाके प्राधिकरण की जद में हैं। गांव गिन्नीखेड़ा में गणपति अपार्टमेंट के आसपास एवं ठीक सामने तमाम स्थानों पर अवैध कालोनियां काटी गई है। इससे पूर्व इसी मार्ग पर डीएवी स्कूल के ठीक बगल एक भू माफिया नियम कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए गेटड कालोनी तैयार करने की कवायद में है।

## तो क्या घूस खाएं बैठे हैं लोकल के अधिकारी?

काशीपुर। अलीगंज रोड पर गैर कानूनी तरीके से प्लाटिंग करने वाले भू माफियाओं से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो प्रापर्टी से जुड़े अधिकांश भू माफियाओं ने कहा कि स्थानीय स्तर पर उनकी सेटिंग है। जिम्मेदार अधिकारियों के मुंह में इतनी मिठाई ठूंस दी गई है कि उनके मुंह से आवाज नहीं निकलेगी। जिले में बैठे अधिकारियों से कार्यवाही का खतरा बताया। इस पूरे प्रकरण में काबिले गौर यह भी है कि आखिर सरकारी नाले पर स्लैब डालने की परमीशन कौन दे रहा है। माफियाओं की माने तो लोक निर्माण विभाग से 10 हजार की रसीद कटवाई गई है। फिलहाल अवैध कालोनियों के गैरकानूनी मकड़जाल में लोक निर्माण विभाग की भूमिका भी बेहद संदिग्ध प्रतीत होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर तैयार फोरलेन भू माफियाओं के सीधे निशाने पर है। बाजपुर से लेकर काशीपुर तथा जसपुर तक के क्षेत्र को भू माफियाओं ने निशाने पर ले रखा है। फोरलेन के दोनों ओर तेजी से भू माफियाओं द्वारा अवैध कालोनियां काटी जा रही है। इसी तरह रामनगर रोड, हरियावाला रोड, गढीनेगी रोड एवं जसपुर रोड पर बैलजोड़ी मोड के समीप बेस पॉइंट के ठीक सामने अवैध कालोनियों का जाल फैला है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

## बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने ज्ञापन सौंपा

सितारगंज(उद संवाददाता)। बाढ़ से फसलों के हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर मुआवजे की मांग की है। गुरुवार को ग्राम बिजटी कौंधा रतन, कौंधा अशरफ, झुकहा,पटिया आदि गांव के किसान अप जलाधिकारी कार्यालय में पहुंचे। वहां पर उन्होंने बीते दिनों क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बाढ़ से धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। तथा लोगों का चारा भूसा पर भी मिट्टी चढ़ गई है। जिस वजह से मवेशियों को भी पालने में परेशानी हो रही है। उन्होंने किसानों को 15 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजे की मांग करते हुए बिजटी मार्ग पर बनी बन्द पुलियों को खोलने की भी मांग की है। एवं ग्राम कनपुर मोड़ पर बड़ी पुलिया एवं उक्त रोड पर चार नई पुलियों के बनाए जाने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि बारिश से किसानों को राहुत पहुंचाने के लिए शीघ्र कार्यवाही की जाये। इस मौके पर ज्ञापन सौपने वालो में हरजिन्दर सिंह खालसा, बलविन्दर सिंह, कुलवन्त सिंह, हरभजन सिंह, गुरजीत सिंह, जावेद, मंजीत सिंह , पूरन लाल आदि रहे।

किराये हेतु
- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 बीएचके और 3 बीएचके साइज के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

## सभी सब्जियों के आसमान छूते दामों ने बिगाड़ा रसोई का स्वाद

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पिछले दिनों हुई लगतार बारिश की वजह से सब्जियों की आवक गिरने से सब्जियों की कीमतों में उछाल आ गया है। भीषण गर्मी के बीच मानसून की बरसात ने भले ही लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी हो लेकिन सब्जियों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। एक तरफ जहां टमाटर लाल हो गया है तो वहीं प्याज ने भी आंसू निकालने शुरू कर दिए हैं। भारी बारिश ने सब्जी और फलों की फसल को खासा नुकसान पहुंचाया है। जिसके बाद मार्केट में सब्जियों और फलों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं लोगों की रसोई से रोजाना बनने वाली सब्जियां गायब हो गई हैं। आसमान छूने लगे सब्जियों के दाम आम आदमी की रसोई में महंगाई का झटका लगा है। अगर बात करें तो धनिया के भाव भी आसमान पर पहुंच गए हैं। आलू भी 20 रुपये प्रतिकिलो से बढ़कर 40 रुपये किलो बिक रहा है। इसके अलावा प्याज 40, टमाटर 100, अदरक 240, खीरा 50, हरी मिर्च 60, फूल गोभी 80, लहसुन 200 रुपये प्रति किलो हो गई है।

उधमपुर जम्मू के लिये स्टाफ की आवश्यकता है।
1-अनुभवी शैफ 2-सफाई कर्मचारी 3-वेटर
रूकने और खाने-पीने की निःशुल्क सुविधा
सम्पर्क करे-8082319239 इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा भेजे-
Email-rajind.math@gmail.com

## प्रभारी मंत्री ने ली आपदा राहत कार्यों की जानकारी

देहरादून (उद संवाददाता)। कृषि मंत्री और जनपद उधमसिंहनगर के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने वीरवार को दूरभाष पर उधमसिंहनगर के जिलाधिकारी उदयराज सिंह से वार्ता कर जनपद में आपदा राहत कार्यो की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 हजार परिवारों को 5-5 हजार की त्वरित राहत राशि दी जा रही है। भारी बारिश के कारण खटीमा में 2000 दुकानों में नुकसान होने के कारण उन्हें भी सहायता दी जा रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार संकट की घड़ी में लोगों के साथ खड़ी है और राहत कार्यो में जनपद का प्रत्येक अधिकारी दिन-रात लगा है।

## भवन कर में बढ़ोत्तरी स्थगित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम द्वारा प्रत्येक 4 वर्ष में बढ़ाये जाने वाले भवन कर को 15 प्रतिशत बढ़ाया गया था। जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि मानक प्रक्रिया का पालन न होने और विधिवत अनुमोदन ना होने के कारण मुख्यमंत्री के निर्देश पर उक्त कर वृद्धि को स्थगित किए जाने का आदेश नगर निगम को दिया गया है। साथ ही भविष्य में पारदर्शी रूप से समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर अग्रिम कार्यवाही किए जाने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया है ।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाय नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि

समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

## विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कार्यशाला आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी )द्वारा टाटा मोटर्स , स्वास्थ्य विभाग , महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग उधम सिंह नगर के सहयोग से विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा सभा पुरानी गल्ला मंडी किच्छा में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें किच्छा क्षेत्र की आंगनबाड़ी एवं आशा एवं फैसिलिटेटर तथा लगभग डेढ़ सौ नव विवाहित महिलाओं ने प्रतिभाग किया । कार्यशाला का शुभारंभ सीएचसी किच्छा के अधीक्षक डॉ० एचसी त्रिपाठी, वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ मृदुल किशोर, टाटा मोटर्स के सीएसआर मैनेजर प्रीतम मोतीलाल एवं आईएसडी की परियोजना निदेशक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर डॉ० मृदुला किशोर ने परिवार नियोजन के स्थाई और स्थाई विधियां, गर्भाशय के कैंसर एवं बचाव के लिए टीकाकरण तथा पुरुष नसबंदी एवं कॉपर टी को लेकर समाज में फैल रही भ्रांतियां को दूर करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकतर महिलाएं अनचाहे गर्भ को गिराने के लिए मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर खा लेती है जिससे वह कई बार महिलाओं के लिए आत्महत्या करने जैसा साबित होता है ऐसी स्थिति में खून का स्त्राव अधिक होने के कारण ब्लड प्रेशर का स्तर नीचे गिर जाता है जिससे कई बार महिलाओं की जान बचाना भी मुश्किल हो जाता है इस प्रकार की दवाइयां लीवर के लिए भी बहुत घातक होती हैं । सीएसआर मैनेजर प्रीतम मोतीलाल ने प्रकृति मां के बारे में विचार करने पर जोर दिया । उन्होंने कहा जितने अधिक लोग उतना कचरा और उतने लोगों के रहने के लिए घर चाहिए इससे जंगलों का कटान इत्यादि अनेकों दुष्प्रभाव प्रकृति पर पड़ता है। यह समय की मांग है कि हर दंपति सही समय पर परिवार नियोजन का निर्णय लें । एचबी पुष्पा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के लिए दी जा रही सभी सेवाओं के बारे में बताया ।आईएसडी की परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस वर्ष जनसंख्या स्थिरीकरण की थीम ष्मां और बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए गर्भधारण का स्वास्थ समय और अंतराल निधारित किया गया है साथ ही 'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान 'का नारा दिया गया है । आईएसडी द्वारा इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया । बिंदुवासिनी ने बताया कि बाल विवाह जनसंख्या को बढ़ाने में अधिक योगदान दे रहा है । साथ ही कम उम्र में मां बनने से बच्चे और महिला दोनों के लिए घातक सिद्ध हो रहा है उन्होंने सभी से बाल विवाह मुक्त भारत के लिए योगदान देने का आवाहन किया तथा कहीं भी बाल विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना आईएसडी की टीम को अवश्य दें । कार्यशाला में सीएचसी किच्छा से वाई एस देऊपा , भावना गौतम ,राफिया एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रेनू वाला तथा बाल विकास से सुपरवाइजर प्रतिमा गंगवार एवं लखविंदर कौर आशा फैसिलिटेटर रीवा, कमला, बसंती आदि उपस्थित थे टाटा मोटर से पूनम एवं मनल उपस्थित हुए। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए तीन सौ कढ़ी पत्ते के पौधे वितरित किए गए । जो स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनो के लिए बहुत उपयोगी है ।





# कलसिया और देवखड़ी नाले उफनाये, कई घरों को कराया खाली

## हल्द्वानी में देर रात भारी बारिश से लोगों के घरों में भरा पानी, नाले में बहा बाईक सवार, विधायक सुमित प्रभावितों से मिले





हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के दमुआढूंगा से लगे भद्ययूनी के जंगल में हुई एकाएक भारी बारिश से कलसिया और देवखड़ी नाले उफान पर आ गया। जीएसटी भवन काठगोदाम में देवखड़ी नाले में एक युवक बाइक (यूपी-25 सीएल 7620) समेत बह गया। 300 मीटर आगे उसकी बाइक मिली। देर रात तक उसका कुछ पता नहीं चल सका था। पुलिस, प्रशासन, नगर निगम की टीम युवक की तलाश में जुटी हुई थीं। उधर कलसिया नाले के उफान पर आने पर प्रशासन और पुलिस ने नाले के किनारे बने 30 घरों को खाली कराया। कुछ घरों में पानी के कारण दरार आने की सूचना है। उधर काठगोदाम के बद्रीपुरा में 10 घरों में पानी भर गया है। बृहस्पतिवार रात करीब 10:45 बजे दोनों नाले उफान पर आ गए। देखते ही देखते इन्होंने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, सीओ नितिन लोहनी सहित निगम के अधिकारी अलग- अलग नालों पर पहुंचे। इस दौरान बाइक समेत एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। नगर स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. मनोज कांडपाल, एई नवल नौटियाल, सफाई निरीक्षक अमोल असवाल सहित निगम की टीम जेसीबी के साथ रात भर युवक



को तलाशती रहीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक को रोकने का प्रयास भी किया गया लेकिन वह नहीं मिला। सीओ नितिन लोहनी के अनुसार मनोज अपने दोस्तों को ढूंढते हुए पहुंचा था। बाइक को पहचानकर उसने अंदेशा जताया कि बहा हुआ युवक उसका दोस्त आकाश सिंह है। उसने बताया कि आकाश शहर स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार्य करता है। उसके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं जबकि वर्तमान में उसकी पत्नी गर्भवती है। वहीं बारिश और हवा के कारण लामाचौड़ में पेड़ गिर गया। इससे कालाढूंगी रोड में जाम लग गया। जाम दो किलोमीटर तक पहुंच गया। प्रशासन की सूचना पर फायर की टीम ने डेढ़ घंटे बाद पेड़ को काटकर सड़क से हटाया। इसके बाद यातायात शुरू हुआ। बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े दस बजे कलसिया नाले के उफान पर आने के कारण नाले के किनारे बसी बद्रीपुरा क्षेत्र में पानी भर गया जिससे घरों में रखा सारा सामान पानी की भेंट चढ़ गया। हल्द्वानी के दमुवादूंगा से लगे भद्ययूनी के जंगल में हुई भारी बारिश से हुए जलभराव में लोग पूरी रात अपने घरों में घुसे मलबे को साफ करते रहे। स्थानीय निवासी विजय कुमार ने बताया कि जब नाला उफान पर आया और तेज पानी के साथ उनके घरों में मलबा भर गया, तब वे घर में बैठकर खाने की तैयारी कर रहे थे। मलबा इतनी तेजी से आया कि वह कुछ समझ नहीं सके। आनन फानन बच्चों को लेकर ऊपरी मंजिल पर भागे और जब नीचे आकर देखा तो सारा फर्नीचर तथा कपड़े खराब हो चुके थे। घर में रखा खाने-पीने का सामान और अन्य राशन बह गया। भीम सिंह ने बताया कि उनका पूरा घर बोल्डर और कीचड़ से भर गया था। किसी तरह परिजनों को निकाला। इस बीच बिजली गुल हो गई थी। इस वजह से भी सामान को बचाने में दिक्कत हुई। प्रभावित घरों से रानी देवी, राजीव कुमार, मनीष कुमार, मोहम्मद युनुस आदि के परिवार के सभी सदस्य बाल्टी, बेलचे और अन्य बर्तनों की मदद से पानी और मलबा निकालने में जुटे रहे। मोहम्मद युनुस ने बताया कि तेज बहाव से आए मलबे केसमय वे सात परिजन घर में ही फंसे रह गए। बमुश्किल बाद में बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित निकाला। बद्रीपुरा में भारी नुकसान की खबर पाकर विधायक सुमित हृदयेश अपने साथियों के साथ प्रभावित लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने प्रभावित लोगों का हाल जाना और सभी को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन की ओर से एसडीएम परितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार ने भी प्रभावितों का हाल जाना और बताया कि नुकसान का सर्वे कराकर उच्चाधि कारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहीं गौला नदी का जलस्ष्तर भी गुरुवार रात बढ़ गया था। अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार के पास गौला नदी में काम कर रही तीन पोकलैंड नदी में फंस गई। जिन्हें बाद में सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। नैनीताल में गुरुवार दोपहर को झमाझम पानी बरसा। वहीं नैनी झील का जलस्तर 8.5 फीट जा पहुंचा है। नगर में कोहरे के आने-जाने का क्रम जारी है। उधर आपदा कंट्रोल रूम के अनुसार गुरुवार को जिले में 14 ग्रामीण सड़कों पर यातायात बंद रहा।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए अपनाएं सुरक्षित उपाय: दीपा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय में प्रारंभ किए गए सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़े एवं 11 जुलाई से 24 जुलाई तक चलने वाले विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक करते हुए जिला चिकित्सालय की एएनएम दीपा जोशी ने बताया कि छोटे परिवार में ही सबकी खुशियां समा सकती हैं। सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ डा. मनोज शर्मा व स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारियों की



मौजूदगी में उन्होंने बताया कि सभी अभिभावक परिवार को दो बच्चों तक सीमित रखे। साथ ही दो बच्चों में कम से कम 3 वर्ष का अन्तर अवश्य रखें। बच्चों में अन्तर रखने के लिये गर्भ निरोधक के आसान एवं सुरक्षित उपाय अपनायें तथा दो बच्चों उपरान्त स्थायी विधि अपनायें। श्रीमती जोशी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में महिला पुरुषों को निरोध व गोलियां का नि:शुल्क वितरण किया जाता है साथ ही गर्भ निरोधक के लिए अन्य सुरक्षित उपाय भी नि:शुल्क किए जाते हैं। जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आशाओं के माध्यम से डायरिया नियंत्रण पखवाड़े के अन्तर्गत घर घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को ओआरएस एवं डायरिया से ग्रसित बच्चों को ओआरएस के साथ साथ जिंक टैब्लेट भी दी जायेगी। इसके साथ ही आशाओं द्वारा जनजागरूकता हेतु हाथ धोने के तरीके, शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, पूर्ण टीकाकरण, स्तन पान एवं शुद्ध भोजन के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी। दीपा जोशी ने कहा कि लड़के लड़की का विवाह बालिग होने के पश्चात ही होना चाहिये। उन्होंने कहा आज के इस महंगाई के समय परिवार को सीमित रखने में ही समझदारी है। इससे परिवार का भरण पोषण अच्छा होगा और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के साथ उनकी कई जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। इस अवसर पर प्रमुख अधीक्षक डा. आरके सिन्हां, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरेन्द्र मलिक, डा. उदय शंकर, सांसद प्रतिनिधि अतुल जोशी, लक्ष्मी पोखरिया, सरिता गुप्ता, शिखा दास, सुधा पाठक, ममता, हेम चन्द्र पन्त आदि उपस्थित थे।

## जसपुर के सीएचसी से रोगियों को भेजा जा रहा है काशीपुर

जसपुर/काशीपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी जसपुर) में पिछले लगभग तीन वर्ष के करीब से संविदा पर पोस्टेड महिला चिकित्सक (गाइनकॉलजिस्ट) पर रोगियों को अपने काशीपुर स्थित निजी अस्पताल में भेजने के गंभीर आरोप प्रकाश में है। अपने अजब गजब कारनामों के कारण अक्सर सुर्खियों में रहने वाला यह अस्पताल मुरादाबाद रोड पर मंडी पुलिस चौकी के समीप स्थित है। महिला चिकित्सक अपने इस कारनामे को लेकर पूर्व में भी विवादों में रही। महिला चिकित्सक पर आरोप यह भी है कि अस्पताल से जुड़ी कुछ आशा कार्यकत्रियों को भी गोरखधंधे में शामिल किया गया है जो महिला चिकित्सक के इशारे पर चिकित्सा सेवा जैसे पवित्र पेशे को बदनाम करते हुए कानून पर कालिख पोतने का काम कर रही है। बताया जा रहा है कि यह अस्पताल कमीशन खोरी एवं दलाली के ढेर पर चल रहा है। इस अस्पताल में डाक्टरों पर उपचार में लापरवाही के आरोप लगना अथवा इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु होना आम बात है। सूत्रों का कहना है कि यदि कोई रोगी गलती से अस्पताल आ गया तो इलाज के नाम मनमानी पैसे लेकर उसका खून चूस लिया जाता है। पता चला है कि अस्पताल को फायर एवं प्रदूषण आदि विभागों से अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए। जानकारों का कहना है कि अस्पताल के संचालकों के तार सुदूर गांवों में बैठे झोलाछाप डॉक्टरों से सीधे तौर पर जुड़े हैं। झोलाछाप डॉक्टरों को मरीज भेजने के एवज में आकर्षक कमीशन दिये जाने की सूचना है।

## प्रदेश के सात जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी

देहरादून। दून में उमसभरी गर्मी बेहाल कर रही है, लेकिन तीव्र बौछारों के दौर भी जारी हैं। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में भी कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश के निचले इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। जबकि, पर्वतीय क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, आज प्रदेश के सात जिलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।देहरादून, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, चंपावत, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। इसके अलावा उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ में भी गरज-चमक के साथ तीव्र वर्षा के दौरान हो सकते हैं। उत्तराखंड में वर्षा का क्रम कुछ धीमा हुआ है, लेकिन कुमाऊं में कहीं-कहीं तीव्र वर्षा के दौर जारी हैं। दून में दो दिन उमसभरी गर्मी के बेहाल करने के बाद बुधवार मध्यरात्रि को झमाझम वर्षा हुई। जिसके बाद गुरुवार को सुबह से बादलों की आंख-मिचौनी चलती रही और शाम को कहीं-कहीं तीव्र बौछारें पड़ीं। कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में गुरुवार राघि हुई मूसलधार बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया है। कोटद्वार दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन स्थानों में मलबा आया हुआ है। ग्राम आमसौड के समीप आए मलबा को हटा दिया गया है, जबकि दो स्थानों पर मलबा हटाने का कार्य जारी है। रामडी पुलिंडा कोटद्वार मार्ग भी यातायात के लिए बंद है।

## जनसंख्या स्थरीकरण पखवाड़े का शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस पर 11 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक चलने वाले विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा किया गया। साथ ही वहां चल रहे हस्ताक्षर अभियान में भी जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने सहभागिता करते हुए कहा कि देश में तेजी से बढ़ती आबादी हमारे विकास में सबसे बड़ी बाधा है और छोटा और संतुलित परिवार ही समय की मांग है। प्रदेश सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को और अच्छा बना रही हैं देश एवं प्रदेश स्वस्थ भारत-खुश भारत की मानसिकता के साथ आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर सोनू विश्वास, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर सुनील सरना,डॉक्टर अंजनी,महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंजु,बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक, परिवार कल्याण काउंसलर किरण जोशी, परमजीत सिंह पम्मा, कुणाल रस्तोगी, आशा कर्मचारी एवं स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।





# जनसुनवाई में अल्पसंख्यक आयोग ने 13 वादों का किया निस्तारण

## 38 मामलों की हुई सुनवाई,तीन प्रकरणों में नौ लाख के राहत चैक वितरित





रूद्रपुर। उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में आयोग को प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की। जिसमे से 38 शिकायत प्रकरणों/वादों की सुनवाई करते हुये 13 वादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तीन प्रकरणों में 9 लाख के राहत चैक वितरित किये गये तथा एक वाद सीबीसीआईडी को, एक वाद एसआईटी को व एक वाद पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमाऊं को हस्तांतरित किये गये जबकि तीन अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के साथ ही आगामी 18 जुलाई को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में तलब किया गया। विकास भवन सभागार में उपाध्यक्ष ने वादों की सुनवाई करते हुये 13 वादों का निस्तारण किया। करंट लगने से सराफत अली के पुत्र की मृत्यु हो गयी थी जिसे विद्युत विभाग द्वारा सराफत अली को आयोग के माध्यम से चार लाख का चौंक दिया गया। इसी तरह सड़क दुर्घटना में सादिया के पति व पुत्र के मृत्यु हो गयी थी, मुख्यमंत्री राहत कोष से सादिया को 2.50 लाख, दुर्घटना में जख्मी रासिद को 1.25 लाख व जख्मी आसिफ को 1.25 लाख का चौंक दिये गये। मसूद हुसैन अंसारी सहायक अध्यापक उर्दू के प्रकरण में आयोग द्वारा आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश अपर निदेशक माध्यमिक कुमाऊं को दिये गये थे मगर उनके अनुपस्थित रहने पर उन्हे आगामी 18 जुलाई को स्पष्टिकरण के साथ कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में उपस्थित होने के आदेश जारी किये गये साथ ही फैजान अल्वी केलाखेड़ा के प्रकरण में आयोग द्वारा जांच समिति गठित कर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खण्ड कुमांऊ को दिये गये थे उनके अनुपस्थित रहने पर उन्हे भी स्पष्टिकरण के साथ 18 जुलाई को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में उपस्थित होने के आदेश जारी किये गये। अयूब अंसारी निवासी पहाड़गंज रूद्रपुर के प्रकरण पर उप जिलाधिकारी को भी 18 जुलाई को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में उपस्थित होने के आदेश जारी किये गये। शिकायत सुनवाई के दौरान अनीस अहमद द्वारा पुलिस जांच से असंतुष्ट व्यक्त की गयी जिसपर उपाध्यक्ष आयोग द्वारा जांच करण को सीबीसी आईडी को हस्तांतरित करने के आदेश पारित किये गये। इसी तरह तबस्सुम अबरार सिद्दीकी के प्रकरण को एसआईटी को प्रेषित किया गया तथा मौ0 आसिफ ने अपने प्रकरण में थाना बदलाव की बात रखी जिसपर आयोग ने उप महानिरीक्षक को थाना बदलाव हेतु प्रकरण हस्तगत किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि आयोग के मामलों/वादों को अधिकारी गम्भीरता से ले व उनका निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करें। शिकायती वादों की सुनवाई में आयोग के सदस्य मौ0 तसलीम, सचिव जेएस रावत सहित वादकारी व अधिकारी मौजूद थे।

# मानसून काल में नदियों के आस पास जाने पर प्रतिबंध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण उदयराज सिंह ने बताया कि पूर्व में घटित घटनाओं एवं विगत 8 जुलाई को नानकमत्ता क्षेत्रान्तर्गत घटना जिसमे ग्राम पिपलिया पिस्तौर के एक व्यक्ति की डैम



के निकट जाने से मृत्यु हो गयी है, जिसके अतिरिक्त भी अन्य स्थानों से इस प्रकार की सूचनाएं प्राप्त हो रही है राजस्व विभाग द्वारा दी गयी चेतावनी के बावजूद ऐसे बाढ़ग्रस्त स्थानों में अनावश्यक रूप से लोगों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वसाधारण को सूचित किया है कि मानसून काल में बाढ़ के दृष्टिगत जारी चेतावनी को देखते हुये नदी अथवा उसके समीपवर्ती बाढ़ क्षेत्र में प्रवेश वर्जित होगा। इसके अतिरिक्त बाढ़ ग्रस्त नालें, सिंचाई नहर, जलाशयों तथा झील एवं अन्य जल निकासी क्षेत्रों में प्रवेश कराना भी वर्जित होगा, जो भी व्यक्ति उक्त आदेश का उल्लंघन करेगा, बिना किसी वैध कारण एवं अनुज्ञा के उक्त वर्जित स्थानों पर भ्रमण करता हुआ पाया जायेगा अथवा उक्त आदेश के उल्लघंन को दुष्प्रेरित करेगा अथवा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उक्त आदेश के उल्लघंन में सहयोग करेगा, उसे आपदा प्रबन्धन अधिनियम की धारा 51 में दंडनीय अपराध जिसमें कारावास एवं अर्थदण्ड सम्मिलित है से दंडनीय अपराध का दोषी माना जायेगा। उन्होने कहा है कि उक्त निषेधाज्ञा की अवेहलना किये जाने पर आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# बाढ़ पीड़ितों को तत्काल वितरित करें राहत राशि: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने विगत दिनों खटीमा, सितारगंज एवं नानकमत्ता क्षेत्र में आई दैवीय आपदा से राहत व बचाव कार्यों की कैम्प कार्यालय में वीसी के माध्यम से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी खटीमा को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को शीघ्र-अतिशीघ्र अहैतुक सहायता राशि वितरित किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब न किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों को अहैतुक सहायता राशि दी जा रही है उनकी सूची तत्काल तैयार कर भेजें। उन्होने कहा कि जिन मकानों की आपदा के कारण आशिंक क्षति हुई है उनकी सूची तैयार करें। उन्होने कहा कि आपदा प्रभावित सभी परिवारों को अहैतुक सहायता अवश्य मिलें कोई भी परिवार न छुटे, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दश्त नही की जायेगी।



उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं कि बाढ़ प्रभावितों की सहायता में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के राहत व बचाव के लिए धन की कोई कमी नही होने दी जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावितों के सहायता के लिए 1 करोड 70 लाख रूपये की धनराशि दी जा चुकी एवं मुख्यमंत्री द्वारा 10 करोड़ रूपये स्वीकृत कर दिये गये है। उन्होने सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को सख्त निर्देश दिये है कि राहत राशि उपलब्ध कराने हेतु लेखपालों को लगाते हुए कल ही कम से कम 5 हजार परिवारों को अहैतुक सहायता प्रदान कराना सुनिर्श्चित करें। उक्त कार्यों के सफल सम्पादन के लिए पूर्व में तैनात लेखपालों को सम्मिलित करते हुए 10 टीमों का गठन किया गया है जो मौके पर ही राहत राशि वितरण करने का कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी खटीमा को निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र में आने वाली दुकानों में जलभराव के कारण होने वाली क्षति का तीन श्रेणी में आंकलन करते हुए रिर्पोट तैयार करें ताकि ससमय सूचना शासन को प्रेषित की जा सके। जिलाधकारी ने उक्त दैवीय आपदा राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा एवं निगरानी हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व को तहसील खटीमा क्षेत्र में रहने के निर्देश दिये है। उन्होने कहा कि खटीमा क्षेत्रान्तर्गत मुख्य पशुचिकित्साधिकारी स्ंवय रहकर मवेशियों की क्षति का मूल्यांकन एवं सत्यापन की कार्यवाही करायेंगे। उपजिलाधिकारी खटीमा द्वारा बताया गया कि 1300 परिवारों को अहैतुक सहायता दी जा चुकी है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि प्राथमिक सर्वे में गामीण क्षेत्रों में लगभग 6500 परिवार तथा शहरी क्षेत्रों में लगभग 8 हजार बाढ़/जलभराव से प्रभावित हुए है जिन्हें दो दिन के भीतर तत्कालीक सहायता प्रदान कर दी जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट गौरव पाण्डेय, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी एवं वर्चुअल के माध्यम से उपजिलाधिकारी खटीमा रविन्द्र बिष्ट, तहसीलदार आदि जुड़े थे।

# नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. डीसी पंत के दिशा निर्देशन में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को संस्थान के इतिहास, उपलब्धियों और साथ अन्य नियमों से संबंधित जानकारी दी गई। गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विषयो के चयन, च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम से लेकर क्रेडिट स्कोर से सर्टिफिकेट, डिग्री और डिप्लोमा के संबध पर प्रकाश डालते हुए और किस प्रकार से राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मदत से अपने लिए छात्र विकल्प चुन सकते है इस से अवगत करवाया। शास्ता मंडल प्रमुख प्रो. सरबजीत ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको से परिचय करवाया और सभी को अनुशासन की महत्त्वता और आज तक बनी सभी शिक्षा नीति के बारे में बताया। प्रो. शंभू दत्त पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को नैतिक मूल्यों को ध्यान रखकर जीवन में आगे बड़ने की सलाह देकर सभी विषयो के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश की उन्नति वहा के युवा निर्मित करते है। युवाओं में तार्किक और गुणवत्ता पूर्ण विकास हो सके इसके लिए एजुकेशन सिस्टम एक स्तंभ है। उस स्तंभ को और अधिक मजबूती प्रदान करता है मार्ग दर्शन। इसलिए सभी छात्र अपने विषयो के प्राध्यापको से लगातार संपर्क में रहे और नियमित रूप से उनका मार्ग दर्शन प्राप्त करे। कार्यक्रम में परीक्षा प्रभारी और प्रवेश संयोजक प्रो. पीएन तिवारी, समर्थ नोडल अधिकारी डॉ. भारत पांडे, प्रो. मनोज पांडे,आंतरिक गुणवत्ता आवश्वशन प्रकोष्ठ संयोजक प्रो. पीपी त्रिपाठी, प्रो. आशा राणा, प्रो. हेमलता सैनी, डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी, प्रो. हरीश चंद्रा, प्रो. कमला बोरा, डॉ. ममगई, डॉ. रेनू रानी मिश्रा, डॉ. नरेशकुमार, डॉ. निर्मला जोशी सहित सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

गूलरभोज(उद संवाददाता)। जम्मू के कठुआ में भारतीय सेना के शहीद पांच जवानों को व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के द्वारा आतंकी हमले में शहीद हुए पांचो जवानों के चित्र पर मालयार्पण करके श्रद्धांजलि दी और व्यापारियों के द्वारा कैंडल मार्च भी निकाला गया और शिव मंदिर में 2 मिनट का मौन रखकर समाप्त



हुआ इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी तरुण दुबे ओमप्रकाश डोगरा हरीश छाबड़ा विजय कुमार इंदर सिंह राठौड़ बाबूराम जीवन गुरु रानी संजीव भटेजा नंदन सिंह कोचारी आशीष नेगी बिट्टू यादव संजीव कुमार गुप्ता आनंद पानू किशोर सावंत सुमित बैरागी गिरीश दुबे रामकिशन दहूजा अशोक वर्मा रमेश सागर अमित कुमार गुप्ता हरेंद्र तोमर जसपाल डोगरा लच्छू गिरी आदि उपस्थित थे

# मृतक के परिजनों को बंधाया ढांढस

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।निर्मल नगर निवासी जगदीश मंडल की नदी में डूब जाने से हुई मृत्यु तथा नदी में बहने से लापता हुए संजीत मंडल के परिवारजनों को सितारगंज के निवर्तमान पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे व जिपं सदस्य उत्तम आचार्य



ने सीएम राहत कोष से 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। गुरुवार को उन्होंने जगदीश मंडल तथा संजीत मंडल के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि चार लाख की जो धनराशि राज्य सरकार जगदीश मंडल के परिवार को देने की घोषणा कर रही है, वह बहुत कम है। जगदीश की मृत्यु के बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है,वे परिवार में इकलौते कमाने वाले थे। उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से जगदीश तथा संजीत के परिवार को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की।

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने बच्चों को दी नए कानूनों की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा प्रभारी निरीक्षक जीतो कंबोज के नेतृत्व में श्रम विभाग कार्यालय के बाहर, बंगाली कॉलोनी, संजय नगर खेड़ा, ट्रांजिट कैंप क्षेत्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर मेहरौला, पुलिस लाइन के पीछे स्टेडियम के पास





स्कूल की छात्राओ में नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्राओ को नये कानून भारतीय न्याय संहिता व मानव तस्करी, बाल विवाह ,बाल मजदूरी ,आदि के संबंध में बताया। उन्होंने कहा सभी को नये कानून का पालन करना चाहिए। साथ ही देश में फैल रही मानव तस्करी ,बाल विवाह, बाल विवाह, बाल मजदूरी और महिलाओं के साथ होने वाले घरेलू हिंसा के संबंध में बताया गया। आजकल युवाओं में फैल रही नशे की बुरी आदत जिससे युवा वर्ग के लोग शराब , ड्रग्स, अफीम,चरस, आदि मादक नशीले पेय पदार्थों का सेवन करते है और मोबाइल फोन से होने वाले साइवर अपराध के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी को पुलिस सहायता हेतु प्राप्त टोल नंबर टोल फ्री नंबर 112, और 1090 के बारे में जानकारी दी। साइबर अपराध की सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 1930 नंबर के बारे में जानकारी दी। छोटे बच्चे जो नाबालिक हैं कही होटल ढाबे, मोटर पार्ट्स की दुकान इलेक्ट्रॉनिक की दुकान आदि में कार्य करते हुए पाए जाते हैं तो उसके लिए टोल फ्री नंबर 1098 पर फोन करके सूचना देने को बताया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## वैश्विक शांति की पहल

दुनिया भर में अलग-अलग देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिस तरह के खेमों में बंट रहे हैं, जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दे खड़े हो रहे हैं, उसमें लगातार इस बात की आशंका खड़ी हो रही है कि आने वाले वक्त में कहीं युद्ध के मोर्चों का विस्तार न हो जाए! रूस और यूक्रेन या फिर इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध ने इस आशंका को गहरा किया है। ऐसे में भारत ने जिस तरह युद्ध के विरुद्ध खड़े होने और सार्वजनिक रूप से शांति के लिए अपनी नीति घोषित करने का साहस किया है, उसकी अपनी अहमियत है।पहले रूस और उसके बाद आस्ट्रिया के दौरे में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक तरह से स्पष्ट रूप से दुनिया भर में युद्ध की परिस्थितियों को खत्म करके शांति की वकालत की। बुधवार को उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है। भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध दिया है। यह हर जगह शांति और समृद्धि का आकांक्षी है और इक्कीसवीं सदी में अपनी भूमिका को पहले से ज्यादा मजबूत बनाएगा।दोनों देशों की यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने वहां के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत की और द्विपक्षीय सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार किया। मगर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में बनते खेमों के बीच जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें वैश्विक स्तर पर शांति के पक्ष में भारत का खड़ा होना अहम है। दरअसल, वह रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध हो या फिर इजराइल और हमास के बीच, भारत का यह रुख जगजाहिर रहा है कि वह युद्ध का समर्थन नहीं करता। वहीं आतंकवाद के मसले पर भी भारत की साफ राय है कि यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए भी भारत के प्रधानमंत्री ने पहले भी कई बार बातचीत का रास्ता अपनाने की ही सलाह दी है। आस्ट्रिया दौरे में भी अगर उन्होंने भारत के शांति का पक्षधर होने की बात की तो यह स्वाभाविक और अपनी नीतियों पर ही कायम रहना है। यह छिपा नहीं है कि जहां रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के संकट में कोई कमी नहीं दिख रही है, वहीं अमेरिका और उसके कई सहयोगी देश नाटो की बैठक करके एक अलग ही संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के हालात में भारतीय प्रधानमंत्री की रूस और आस्ट्रिया की यात्रा और इस दौरान दिए गए संदेश का मतलब साफ है। विश्व का जो भी हिस्सा युद्ध या आतंकवाद से प्रभावित है, वहां सामान्य विकास की तो दूर, जनजीवन के बाधित होने और मानव अधिकारों का हनन आम है। ऐसे में दुनिया की महाशक्तियां अगर लोकतंत्र बचाने की बात करती हैं, तो यह अपने आप में एक विरोधाभासी स्थिति है।

# बिल्डर ने पार्टनर से की 19 करोड़ की धोखाधड़ी


देहरादून। दून में हाउसिंग प्रोजेक्ट के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी सामने आई है। दिल्ली निवासी बिल्डर ने वहीं रहने वाले अपने पार्टनर के साथ देहरादून में हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू करने के नाम पर 19 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। बिल्डर ने धोखाधड़ी करने के लिए दिल्ली निवासी अपने भाई व देहरादून के सहस्रधारा रोड निवासी व्यक्ति को अपने साथ मिलाया। बिल्डर ने ऐसी कंपनी के खातों में धनराशि डलवाई, जो निष्क्रिय थी। एसएसपी अजय सिंह के अनुसार, अपर मुख्य न्यायिक न्यायाधीश के आदेश पर विवेक विहार दिल्ली व वर्तमान में दून ट्रफलगर अपार्टमेंट, राजपुर रोड निवासी बिल्डर जितेंद्र खरबंदा, किरसाली सहस्रधारा रोड निवासी अजय पुंडीर और विवेक विहार दिल्ली निवासी अजय खरबंदा के खिलाफ धोखाधड़ी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अदालत में दिए प्रार्थनापत्र में विवेक विहार, दिल्ली निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनके परिचित जितेंद्र खरबंदा ने उन्हें बताया कि वह देहरादून में भूमि खरीदकर हाउसिंग प्रोजेक्ट बनाने जा रहा है। उत्तराखंड में बाहर का व्यक्ति 250 गज से अधिक जमीन नहीं खरीद सकता है, ऐसे में वह देहरादून में रहने वाले अपने पार्टनर अजय पुंडीर के सहयोग से भूमि खरीदेगा। जितेंद्र खरबंदा ने कहा कि वह अजय पुंडीर को अपनी कंपनी का निदेशक बनाते हुए भूमि कंपनी के नाम पर ले लेगा। इसके बाद पुंडीर को निदेशक पद से हटाकर वह दोनों (जितेंद्र खरबंदा व मुकेश कुमार) निदेशक बन जाएंगे। पीड़ित मुकेश कुमार ने बताया कि दिसंबर 2017 को जितेंद्र खरबंदा ने अंजनी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाई और भूमि खरीदने के लिए अजय पुंडीर के खाते में धनराशि डालने के लिए कहा। मोटा मुनाफा देखकर उसने विभिन्न तिथियों को अजय पुंडीर, बालाजी डेवलपवेल प्राइवेट लिमिटेड, अजय खरबंदा, बालाजी इंफ्रा साइन व अन्य के खातों में 19 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। काफी समय बीतने के बावजूद जब उन्होंने जितेंद्र खरबंदा को प्रोजेक्ट के स्टेटस के बारे में पूछा तो उसने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। जब उन्होंने जितेंद्र खरबंदा के बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि उसने साजिश के तहत उनके साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर दी। आरोपित ने उनकी कंपनी बालाजी डेवलपवेल के साथ धोखाधड़ी कर बिना अनुमति करोड़ों रुपये अन्य कंपनियों में लगा दिए। इस मामले में जब उन्होंने एसएसपी से शिकायत की तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। मुकेश कुमार ने बताया कि यह गिरोह इससे पूर्व दून वैली कोलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स कंपनी के निर्देशक पटेलनगर निवासी प्रदीप नागरथ से 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है। बताया कि दून वैली कोलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स कंपनी की तरला नागल में 36 बीघा भूमि है। आरोपित जितेंद्र खरबंदा ने खुद को बालाजी डेवलपर्स कंपनी का निदेशक बताया और प्रदीप नागरथ को हाउसिंग प्रोजेक्ट का प्रस्ताव दिया। इसके लिए अजय पुंडीर को प्रतिनिधि नियुक्त करवा दिया। इस मामले में आरोपितों ने हाउसिंग प्रोजेक्ट के नाम पर प्रदीप नागरथ से 12 करोड़ के रुपये की धोखाधड़ी कर दी। इस मामले में राजपुर थाना पुलिस ने 13 अप्रैल को आरोपित जितेंद्र खरबंदा, अजय खरबंदा, अजय पुंडीर, रीमा खुराना, सीमा खुराना सहित 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने छह विवेचकों से मामले की जांच करवाई और बाद में अंतिम रिपोर्ट लगा दी। प्रदीप नागरथ ने इस मामले में अदालत का दरवाजा खटखटाया है। भूमाफिया पर सख्त कार्रवाई का दावा करने वाली दून पुलिस का हाल यह है कि जितेंद्र खरबंदा व अजय पुंडीर के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हो चुके हैं, लेकिन एक भी आरोपित के खिलाफ गैंगस्टर नहीं लगाई। ऐसे में भूमाफिया के हौसले बुलंद हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि अजय पुंडीर व जितेंद्र खरबंदा का रिकार्ड चेक करने के लिए संबंधित सीओ को निर्देश जारी किए गए हैं।

# परीक्षा में नकल करने वाले मुन्नाभाई को किया गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने किसी दूसरे अभ्यर्थी की जगह परीक्षा में बैठने वाले मुन्नाभाई को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि भारतीय वन्य जीव संस्थान की ओर से 17 सितम्बर 2023 को भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून में मल्टी टास्किंग स्टाफ (डजै) पद के लिए परीक्षा का आयोजन राजाराम मोहन राय पब्लिक स्कूल पटेलनगर में आयोजित किया गया था। परीक्षा की द्वितीय पारी में दो अभ्यर्थियों की गतिविधि संदिग्ध पाई गई। चेकिंग करने पर उनके कान से एक छोटा इयर फोन, छाती पर कमीज के नीचे से कैमरे से युक्त एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व मेज के नीचे से एक और इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस मिली थी। इस पर सिम लगा हुआ था। सूचना पर पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर आरोपित नवराज जींद हरियाणा और प्रदीप निवासी जींद हरियाणा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले में किसी बड़े संगठित गिरोह के संलिप्त होने व परीक्षा में नकल कराए जाने की गम्भीरता को देखते हुए मामले की विवेचना एसटीएफ को सौंपी गई। विवेचनाधिकारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने विवेचना में पाया कि इस मामले में पकड़ा गया दूसरा अभ्यर्थी प्रदीप किसी अन्य अभ्यर्थी मोहित मोर्य के नाम से परीक्षा दे रहा था। इस मामले में अन्य दो सदस्य सोनू निवासी कैथल हरियाणा और पवन निवासी जींद हरियाणा के नाम सामने आए हैं। इस गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिये एसटीएफ की टीम ने हरियाणा में दबिश दी तो वहां से आरोपित फरार हो गए। नकलचियों की गिरफ्तारी के वारंट जारी कराए गए। गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपये इनाम की घोषणा की गई। एसएसपी ने बताया कि इनामी अपराधी सोनू को बुधवार को एसटीएफ व हरियाणा पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून समय की मांग





बेतहाशा तरीके से देश की आबादी बढ़ रही है वह दुनिया के सभी देशों को पछाड़कर पहले स्थान पर पहुंच गई है , यही वजह है कि देश के जो भी संसाधन हैं वह इतने लोगों के लिए नाकाफी हैं जिससे महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लगातार बढ़ रही है। अगर बढ़ती हुई जनसंख्या पर अब भी अंकुश नहीं लगाया गया तो देश आर्थिक संकट की चपेट में आ जायेगा । लोगों के पास रहने को घर नही होगा,खाने को भोजन नही होगा, हवा ,पानी भी नही मिलेगा ।जलवायु परिवर्तन का आबादी से सीधा संबंध है हम इस बात को मानने को तैयार ही नही होते। इसमे कोई.विशेष आध्यात्मिक शिक्षा की भी जरुरत नहीं है, तो बहुत भौतिक विषय है, आँकड़ें ही समझा देंगे कि बात क्या है । प्रति व्यक्ति हम संसाधनों का जितना उपभोग करते हैं उतने के लिए ही पृथ्वी पर पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं है। तुम और लोग कहाँ से ले आ दोगे ? एक घर हो जिसमें दस ही लोगों के खाने की गुंजाइश हो और उसमें चालीस लोग पहले से हैं और तुम चाह रहे हो चालीस को सत्तर बना दें, तो इसमें अब क्या तुमको अध्यात्म समझाया जाये। यह बात तो सीधे-सीधे गणित की और आँकड़ों की है। एक साधारण घर हो उसमें तो फिर भी उधार से ला सकते हो, बाहर से कहीं ला सकते हो। अगर उस घर का नाम ही 'ग्रह' हो तो ? पृथ्वी पर अनाज बाहर से कहाँ से लेकर आओगे ? पृथ्वी पर जगह और संसाधन बाहर से कहाँ से लेकर के आओगे ? कोई दूसरी पृथ्वी तो है नहीं न। एक ही पृथ्वी है और वो जितना दे सकती है वो पर्याप्त नहीं है इन आठ-सौ -करोड़ लोगों के लिए ही। और ज्यादा लोग कहाँ से लाओगे? समझ में आ रही है बात। और यह भी नहीं है कि यह जो दुनिया के आठ- सौ- करोड़ लोग हैं अगर यह न बढ़े तो भी पर्याप्त हो जाएगा, तो भी नहीं होगा। क्योंकि हर व्यक्ति प्रगति चाहता है, विकास और तरक्की का अर्थ क्या है ? उपभोग बढ़ाना। यही तो! और जो हम भोग बढ़ाते हैं, दो तरीके से बढ़ाते हैं। एक यह कि जितने हैं वो और ज्यादा भोगे और दूसरा, भोगने के लिए और नए-नए लोग भी वो पैदा करें जो भोग रहे हैं। जो हमारा भोग है उसकी दो पहलू हैंख्र खुद भी ज्यादा भोगो और भोगने के लिए अपने घर में और लोग पैदा कर दो, जो और भोगे। आप कितने यूनिट बिजली की खपत करते हैं आज ? बिजली के बिल को कोई देखता है ठीक से अपने ? जिन्होंने देखा होगा उन्हें पता होगा। और बताइएगा बीस साल पहले कितने यूनिट का बिल आता था आपके घर में। एक बटा दस। एक आम परिवार ने अपनी बिजली की खपत दस गुना बढ़ा ली है, वो बिजली कहाँ से आएगी और दस गुना पर आप रुक नहीं गए हो, अभी आपको और बढ़ानी है। औसत भारतीय औसत जर्मन या अमेरिकन कि अपेक्षा बिजली का एक बटा दस या एक बटा बीस इस्तेमाल करता है। तो अभी तो भारतीय और बढ़ाएगा और वो सिर्फ बिजली की अपनी प्रति व्यक्ति खपत ही नहीं बढ़ाएगा, उन व्यक्तियों की संख्या भी बढ़ाएगा जो खपत करेंगे। बिजली आती है कोयले से , कोयला कहाँ है? और पृथ्वी का भी जो कोयला है अगर वो तुम जलाओगे तो उससे क्या निकलता है? कार्बन,यह जो बच्चा पैदा करते हो, यह अपने साथ सड़क लेकर आता है, स्कूल लेकर के आता है, हवा लेकर के आता है, अन्न लेकर के आता है, घर ले करके आता है, गाड़ी लेकर के आता है! एक बच्चा जब पैदा होता है वो अपने जीवन में अब किन-किन चीजों का इस्तेमाल करेगा। पृथ्वी के पास संसाधन नहीं है कार बनाने के और न सड़कों पर जगह है, न पृथ्वी पर जगह है सड़क बनाने की क्योंकि सड़क बन रही है अब, तो जंगल काटकर बन रही है। तो जो बच्चा पैदा हो रहा है वो वास्तव में जंगल काटकर पैदा हो रहा है, जो बच्चा पैदा हो रहा है वो लाखों जीवों की लाश पर पैदा होता है। आपको पता है, आप जो खाते हो, उसकी खेती करने के लिए जमीन है नहीं, तो वो कैसे पैदा होता है? जंगल काटे जाते हैं ताकि खेत बनाए जा सके और जब जंगल कटता है तो सिर्फ पेड़ नहीं कटता, उस पेड़ पर जितने पशु-पक्षी, जितनी प्रजातियाँ आश्रित थीं, वो सब गईं, खत्म। आपका घर भर गया उनका घर उजड़ गया। यह हम विचार ही नहीं करते । और आप जब बच्चा पैदा करते हो तो आप साथ में यह भी चाहते हो कि आप उसके लिए ऊँची से ऊँची तरह की लाइफस्टाइल की व्यवस्था कर सको, जिसका अर्थ होता है? भोग। सिर्फ एक जगह है जहाँ से अब भोग आता है। वो है पृथ्वी को नष्ट करके। अमेरिका का औसत नागरिक जितने संसाधनों का इस्तेमाल करता है अगर दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति उतने संसाधनों का इस्तेमाल करने लगे तो हमें सत्रह पृथ्वियाँ चाहिए, अमेरिका वाले भी अपना भोग अभी और बढ़ा रहे हैं। तुम पृथ्वियाँ कहाँ से लाओगे, सीधा गणित है। बच्चा तो पैदा कर दिया, उसके लिए स्कूल भी तो बनाओ । एक बार कल्पना करो एक बच्चा अगर अस्सी साल जिएगा तो वो अस्सी साल किन-किन चीजोंका भोग करेगा। वो चीजें कहाँ से आएँगी? पैदा करो उनको साथ में। माँ-बाप के ऊपर यह नियम लगाया जाना चाहिए। तुम यह सब चीजें भी पैदा करके दो। और इसलिए कोई अगर एक व्यक्ति संतान पैदा कर रहा है तो वो उसका निजी मसला नहीं हो सकता । आपने इतनी संतानें पैदा कर दीं, वो ट्रैफिक-जाम लगा रही हैं। बताइए यह आपका व्यक्तिगत मसला कैसे है, ट्रैफिक जाम में तो मैं फँस गया। आप कहते हैं, 'साहब, यह तो हमारा मसला है, हम कुछ भी करें।' आप कुछ भी करिए अपने घर के अंदर करिए फिर वो बच्चा कभी घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए और उसके जीवन भर में जितनी चीजें लगनी है वो भी फिर घर के अंदर ही पैदा होने चाहिए, घर के बाहर से नहीं आनी चाहिए। यह आपके घर का मसला नहीं है। आज के समय में अनियंत्रित रूप से जनसंख्या बढ़ाना पूरी मानवजाति और जितनी भी समस्त पशु-पक्षियों की, पौधों की, पेड़ों की जातियाँ हैं सबके प्रति महाअपराध है। नदी के प्रति आप अपराध कर रहे हो बच्चा पैदा करके क्योंकि उस बच्चे के लिए पानी कहाँ से आना है? और नदियों की जो दुर्दशा हुई है, यह को क्या लगता है, यह इतनी जनसंख्या के बिना हो सकती थी? हमारे घर की खुशियाँ नदी की बर्बादी बनती हैं, यह बात हमें समझ में ही नहीं आ रही। जनसंख्या नियंत्रण का एक समुचित कानून, किसी उल्टे-पुल्टे उद्देश्य से नहीं, बिलकुल सही, साफ, सच्चे उद्देश्य से बनाया गया कानून भारत की, पूरी दुनिया की आज पहली जरूरत है। और कोई यह न बोले- पहली बात कि यह मेरे घर का मसला है, इसमें सरकार को दखल देने की क्या जरूरत है, यह तुम्हारे घर का मसला नहीं है। आप अपने घर में जनरेटर चलाओख्र मान लोख्र वो जो पुराने किस्म के डीजल सेट होते थे और वो खूब धुँआ फेंक रहा है। क्या यह आपका व्यक्तिगत मसला है? बच्चा पैदा करना ऐसा ही है। वो डीजल सेट रखा तो तुम्हारे घर में है पर उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है, वो तुम्हारा निजी मसला कैसे हो सकता है। यह चूँकि तुम्हारा निजी मसला नहीं है इसलिए दूसरों को दखल देने का हक भी पूरा है। और दूसरी बात कोई यह न बोले कि यह सब कुछ जो होता है यह भगवान की मर्जी से होता है। ऊपर वाले की देन नहीं है औलादें। किसी ऊपर वाले ने औलादें नहीं भेजी हैं। तुम्हारी वहशत की पैदाइश है औलादें। वहशी दरिंदे की तरह तुम दिन-रात टूटे रहते हो क्योंकि तुम्हारे पास जीने के लिए कोई सार्थक वजह तो है नहीं, तो एक ही काम है- मनोरंजन। स्त्री-जाति का दमन करते हो, घर में एक स्त्री मिल जाती है, उसको हर समय गर्भवती करे रहते हो। एक के बाद एक औलादें पैदा किये जा रहे हो फिर कहते हो यह तो ऊपर वाले की बरकत है। बेवकूफी की बात, बेवकूफी की भी बेईमानी की भी। न यह निजी मसला है न इसका ऊपर वाले से कोई लेना-देना है। जिम्मेदारी तुम्हारी है और मसला सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक है। ऊपर वाले की जिम्मेदारी नहीं है। व्यक्ति की जिम्मेदारी है और किसके प्रति जिम्मेदारी ? पूरी दुनिया के प्रति जिम्मेदारी है। तो वो जिम्मेदारी आपको स्वीकार करनी पड़ेगी कि यह जो आप कर रहे हैं यह आप पूरी दुनिया के प्रति एक गुनाह कर रहे हैं। बहुत यदि लगता भी हो कि संतान सुख भोगना ही है तो एक बच्चा, अधिक से अधिक एक। और अगर थोड़ा संयम बरत सकते हैं, जीवन को चेतना की एक ऊँचाई दे सकते हैं तो एक बच्चा भी आवश्यक है नहीं। दूसरे पर तो जबरदस्त अर्थदंड होना चाहिए और तीसरे पर तो जेल ही। एक बड़ी दुर्घटना घटी है। भारत जैसे देशों की जो आबादी है वो और ज्यादा और ज्यादा युवा होती जा रही है। भारत की जो औसत उम्र है वो प्रतिवर्ष कम होती जा रही है, मतलब जो जीवित भारतीय हैं। 'आयु' नहीं कह रहा हूँ- 'उम्र'। बात समझ रहे हो। तो ज्यादा लोग हैं जो अब पंद्रह से पच्चीस वाली दरमियान में आते हैं। यही लोग है। अब यही लोग हैं फिर जिनके पास पैसा भी है, कैसे? इसलिए नहीं कि खुद कमाते हैं। इसलिए क्योंकि माँ-बाप के इकलौते लड़के हैं तो माँ-बाप का सारा पैसा इनके हाथ में है, भले ही खुद कुछ न कमाते हों, बेरोजगार हों। यह जो इतनी बेरोजगारी भारत में बतायी जा रही है, आप जानते हो इससे कहीं ज्यादा है यह, बेरोजगारी। भारत में प्रछन्न रोजगार है बहुत सारा। भारत का जो अनइंप्लॉयमेंट डाटा है आप उसको स्टडी करें तो बहुत बातें आपको जानने को मिलेगी। बहुत सारे लोग हैं जिनको रोजगार उपलब्ध है वो रोजगार ले नहीं रहे। वो कह रहे हैं, 'नहीं करना। इससे ज्यादा पैसे तो मुझे पॉकेटमनी में मिल जाते हैं, नहीं करता।' वो फिर गिने जाते हैं बेरोजगारों में। और बहुत सारे ऐसे हैं जो अपने आप को रोजगार बताते हैं पर वो हिडेन अनइंप्लॉयमेंट हैं। सँयुक्त राष्ट्र संघ के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 9 जुलाई2024 को भारत की कुल आबादी 1442080355 है । जो कि वर्ष 2025 में 1454606724, वर्ष 2030 में 1514994080, वर्ष 2035 में 1567802259, वर्ष 2040 में 1611676333, वर्ष 2045 में 164586318, वर्ष2050 में 1670490596 होने का अनुमान है।

**( आचार्य प्रशांत,वेदांत मर्मज्ञ,लेखक )**

# तीन गुना महंगी सब्जियां बेच रहे फुटकर व्यापारी

देहरादून। वर्षाकाल शुरू होते ही फुटकर मंडियों में सब्जियों की कीमत आसमान छूने लगी हैं। महंगाई की मार से बेहाल लोग रोजाना आलू प्याज और टमाटर के बढ़ते दाम चुकाने का मजबूर हो रहे हैं। देहरादून की निरंजनपुर मंडी समिति में पिछले दस दिनों में थोक में सब्जियों की कीमत में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि फुटकर में इन दस दिनों में कीमतें तीन गुना तक बढ़ गई हैं। मंडी एक्ट के अनुसार फुटकर विक्रेता कार्रवाई के दायरे से बाहर हैं, लेकिन जिला पूर्ति कार्यालय भी फुटकर विक्रेताओं पर कार्रवाई करने से हाथ खड़े कर रहा है। जबकि गैस एजेंसी, पेट्रोल पंपों पर पूर्ति विभाग कार्रवाई करता रहा है, लेकिन जब फुटकर सब्जी विक्रेताओं पर कार्रवाई की बात आई, तब पूर्ति कार्यालय एक्ट का हवाला दे रहा है। दरअसल शहर में खाद्य सामग्रियों पर विभिन्न विभाग अपने स्तर से कार्रवाई करते हैं। कालाबाजारी और ओवररेटिंग रोकने के लिए भी कड़ी कार्यवाही करने के लिए टास्क फोर्स गठित की गई हैं। वहीं बाटमाप विभाग घटतौली, खाद्य सुरक्षा मिलावटीखोरी पर कार्रवाई करता है, लेकिन पूर्ति विभाग इस बात का हवाला दे रहा है कि गैस एजेंसी, पेट्रोल पंपों पर कार्रवाई एक्ट में शामिल की गई है। फुटकर विक्रेताओं पर कार्रवाई की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। पिछले वर्ष प्रशासन की ओर से फुटकर विक्रेताओं पर कार्रवाई को लेकर संयुक्त टीम गठित की गई थी। जिसमें पूर्ति विभाग को भी शामिल किया गया था। इस वर्ष फुटकर विक्रेताओं पर कार्रवाई को लेकर टीम नहीं बनाई गई है। देहरादून निरंजनपुर मंडी में थोक में सब्जियों की कीमत में पिछले दस दिनों में एक-दो प्रतिशत का अंतर आया है, लेकिन फुटकर विक्रेता तीन गुना कीमत बढ़ाकर सब्जियां बेच रहे हैं। मंडी सचिव विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि मंडी एक्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि आढ़तियों पर कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन फुटकर व्यापारियों पर कार्रवाई का कोई प्रविधान नहीं है। वहीं, खाद्य क्षेत्रीय अधिकारी अजय रावत ने बताया गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप पर कार्रवाई करने का प्रविधान है, फुटकर मंडियों पर कार्रवाई का प्रविधान नहीं है। प्रशासन के निर्देश के बाद ही पूर्ति विभाग कार्रवाई करता है।



# नौ महीने बाद लद्दाख के माउंट कुन की बर्फीली पहाड़ियों से मिला जवान का शव

देहरादून। प्रथम गोरखा राइफल्स की पांचवीं बटालियन के हवलदार ठाकुर बहादुर आले का पार्थिव शरीर नौ महीने बाद मिला है। भारतीय सेना के कोई साथी पीछे न छूटे के सिद्धांत और सेना की बेहतरीन परंपराओं के अनुसार नौ महीने की साहसिक खोज व बचाव अभियान के बाद एचएडब्ल्यूएस गुलमर्ग की टीमों ने हवलदार आले का पार्थिव शरीर माउंट कुन की बर्फीली पहाड़ियों से खोज निकाला है। हवलदार ठाकुर बहादुर आले पिछले साल आठ अक्टूबर को लद्दाख के माउंट कुन के लिए एक पर्वतारोहण अभियान के दौरान चार सदस्यीय रूट ओपनिंग पार्टी का हिस्सा थे। इस दौरान वह हिमस्खलन की चपेट में आ गए। कई दिनों तक लगातार खोज अभियान चलाया गया, लेकिन बदलते मौसम और लगातार हिमस्खलन के कारण उनके पार्थिव शरीर को बरामद नहीं किया जा सका था। आखिरकार सेना के खोजी दल ने सात जुलाई को हवलदार ठाकुर बहादुर आले और अन्य सैनिकों के पार्थिव शरीर को बर्फीली पहाड़ियों से बरामद कर लिया। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को देहरादून स्थित उनकी यूनिट में लाया गया। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने हवलदार आले को अंतिम सलामी दी। बुधवार को सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। हवलदार ठाकुर बहादुर आले एक बेहतरीन पर्वतारोही थे। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की कई स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया था, जिसमें उन्होंने दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और दो कांस्य पदक जीते थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, नौ वर्षीय बेटी, सात वर्षीय बेटा और बुजुर्ग माता-पिता हैं।



# कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की मंगलौर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बुधवार को हुए मतदान के दौरान एक मतदान केंद्र पर सत्तारूढ दल भाजपा के समर्थकों के द्वारा किए गए हमले में चार लोग घायल हो गए। जिसके विरोध में लिब्बरेहडी गांव के बाहर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने विरोध में धरना दिया।इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत जी को पुलिस ने हिरासत में लिया। दूसरी तरफ धरना दे रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत को हिरासत में लेने के विरोध में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, और हल्द्वानी से विधायक सुमित हृदयेश समेत पांचों विधायकों ने मंगलौर कोतवाली घेरी और पुलिस पर मतदान में गड़बड़ी कराने का आरोप लगाया। दिग्गज नेताओं ने लिब्बरहेड़ी कोतवाली में धरना दिया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश रावत ने धामी सरकार पर खुलेआम लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा की मंगलौर उपचुनाव में भाजपा कार्यकर्ता गुड़ागर्दी पर उतारू है।इसके बाद भी पुलिस मूकदर्शक बनी रही,वही उपचुनाव में पुलिस प्रशासन पर सत्ता पक्ष के दबाव में कार्य कर मतदान को प्रभावित करने का आरोप लगाया।हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट के लिब्बरहेड़ी गांव के बूथ नंबर 53-54 पर सत्तारूढ दल के कार्यकर्ताओं की ओर से की गई दबंगई गई और जमकर लाठी डंडे चलाए जाने से मारपीट में कई लोग घायल हुए।वही घटना के विरोध में कांग्रेसी नेताओं ने सत्ता पक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए भाजपा सरकार के विरूद्ध नारेबाजी कर सरकार को लोकतंत्र की हत्यारी सरकार बताते हुए एसबीआई तिराहे में प्रदेश सरकार के खिलाफ पुतला दहन कार्यक्रम किया। वही जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में पुतला दहन किया।इस दौरान कांग्रेस नेता हरीश ऐठानी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला,जिला महामंत्री कवि जोशी,गीता रावल, राजेन्द्र टँगड़िया,भैरव नाथ टम्टा, हरीश परिहार, सुनील भंडारी,लक्ष्मी धर्मशक्तू,हरीश चंद्र त्रिकोटी आदिमौजूद थे।




# एसओजी ने तीन किलो चरस के साथ दो दबोचे

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस का अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ धरपकड़ अभियान जारी है, एसओजी पुलिस टीम द्वारा लगातार अवैध नशे के काले कारोबारियों पर शिकंजा कसा जा रहा है।वही एसओजी टीम द्वारा अपने मुखबिरों को अलर्ट मूड में रखा गया है, वही अवैध नशे का काला कारोबार करने वालों पर सख्ती बरती जाने लगी है, वही एसओजी टीम द्वारा एएनटीएफ टीम के साथ मिलकर झिरोली थाना क्षेत्र में टीम द्वारा अवैध चरस के साथ चेकिंग अभियान के दौरान तीन किलो128 ग्राम अवैध चरस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे क्षेत्राधिकारी अंकित कंडारी के पर्यवेक्षण में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान में अवैध शराब, चरस व स्मैक की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह अपनी टीम के साथ झिरोली थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे तभी जोशी गांव के समीप सुरागरसी पतारसी/चैकिंग के दौरान अल्टो कार संख्या-यूके-05 टीए-3284 को संदिग्ध प्रतीत होने पर रोककर पूछताछ/चौक किया गया।जिसमें सवार तो दो व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हुए, चेकिंग के दौरान दोनों व्यक्तियों की गहनता से तलाशी ली गई। जिनमें कार सवार मनीष कुमार पुत्र रमेश निवासी गोल गेट, थाना पन्तनगर, जिला ऊधम सिंह नगर, उम्र 20 वर्ष व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम राम सिंह पुत्र श्री भूपाल सिंह, निवासी हल्दूचौड़, थाना लालकुंआ, जिला-नैनीताल, उम्र-33 वर्ष बताया।जिसमें चेकिंग के दौरान दो लोगों के पास से पुलिस टीम को तीन किलो138 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।जिसके बाद पकड़े गए आरोपियों को झिरोली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।जहां उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्टमें मुकदमा दर्ज किया गया।



# राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी पर दर्ज कराई प्राथमिकी

बागेश्वर(उद संवाददाता)।रायबरेली से सांसद व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व वर्तमान में इंडिया गठबंधन के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर रोशन रतूड़ी नाम के व्यक्ति द्वारा लगातार फेसबुक /व्हाट्सऐप वीडियो द्वारा शोशल मीडिया पर अनर्गल बयानबाजी कर खुलेआम गाली गलौच करने की घटना से कांग्रेसी नेताओं में आक्रोश है।कांग्रेसी नेताओं ने शोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी कर कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के खिलाफ निजी तौर पर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने करने की कोशिश की निंदा की है।उन्होंने कोतवाली में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने वाले युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, और प्रभारी निरीक्षक कैलाश नेगी को अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई।

## पेज एक का शेष...

**हल्द्वानी रेलवे भूमि मामले में...**और सरकार के वकील बरसात के कारण नदी में पानी आने से रेल संचालन में बाधा आने के अलावा कोई तथ्यपूर्ण बात नहीं कह सके। कोर्ट ने पिछला आदेश पढ़कर रेलवे और सरकार से सवाल किया कि आपसे प्लान मांगा गया था वो कहां है। इस पर रेलवे और सरकार की तरफ से कोई मजबूत जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने कुछ गिने चुने ही लोगों को मुआवजे की पेशकश की बात कही। कोर्ट ने एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा की बहस सुनने के बाद राज्य और रेलवे की तरफ से एक एक अधिकरी को जवाब के साथ कोर्ट में 24 जुलाई की तारीख मुकर्रर करते हुए तलब किया है। ज्ञात हो इससे पहले विगत 24 जनवरी को मामले की सुनवाई होनी थी। लेकिन एक संवैधानिक मामला आने की वजह से मामले की सुनवाई 24 जनवरी को नहीं हो पाई थी। उससे पहले बीते वर्ष 2023 में 7 अगस्त को इस मामले पर सुनवाई हुई थी उसके बाद आज शुक्रवार को सुनवाई हुई है। बता दें सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के हाई कोर्ट के आदेश पर पहले ही रोक लगा रखी है। शीर्ष अदालत ने पांच जनवरी 2023 को एक अंतरिम आदेश में 29 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने के हाई कोर्ट के निर्देशों पर रोक लगा दी थी और इसे मानवीय मुद्दा करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि 50,000 लोगों को रातोंरात नहीं हटाया जा सकता है। रेलवे के अनुसार, जमीन पर 4,365 परिवारों ने अतिक्रमण कर रखा है। जमीन पर कब्जा रखने वाले परिवार हल्द्वानी में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और दावा कर रहे थे कि वे जमीन के असली मालिक हैं। बनभूलपुरा में 29 एकड़ भूमि में फैले क्षेत्र में धार्मिक स्थल (मंदिर व मस्जिद), स्कूल, व्यापारिक प्रतिष्ठान और आवास हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि उनके पास वैध दस्तावेज हैं जो उनके स्वामित्व और वैध व्यवसाय को स्थापित करते हैं।

**केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से ..** का फैसला होगा। साथ ही अदालत ने ये भी कहा कि सिर्फ पूछताछ के आधार पर गिरफ्तारी की अनुमति नहीं दी जा सकती है। वहीं, केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने बताया कि सीबीआई मामले में 18 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई है। इस मामले में फैसला आने के बाद ही पता चल सकेगा कि क्या केजरीवाल बाहर आएंगे या नहीं? हालांकि, केजरीवाल के जेल से बाहर आने की संभावनाएं प्रबल हैं। केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री 90 दिनों से अधिक समय तक जेल में रहे हैं। वह चुने हुए नेता हैं और वह इस पद पर बने रहेंगे या नहीं, इसका फैसला वही करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने फैसले में चुनावी फंडिंग को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट ने पीएमएलए की धारा 19 और 45 के तहत ईडी के अधिकारों का हवाला दिया है। अदालत ने पीएमएलए की धारा 19 के प्रावधानों के पालन को लेकर भी सवाल खड़ा किया है। कोर्ट ने कहा कि हमने जमानत के सवाल को एग्जामिन नहीं किया है बल्कि पीएमएलए की धारा 19 के मापदंड़ों को परखा है। इन धाराओं की विस्तृत व्याख्या करने की जरूरत है। पीएमएलए की धारा 19 में गिरफ्तारी के नियमों की भी व्याख्या करने की जरूरत है। हमने पीएमएलए की धारा 19 और धारा 45 के बीच अंतर को समझाया है। पीएमएलए की धारा 19 अधिकारियों की व्यक्तिपरक राय है और इसकी न्यायिक समीक्षा हो सकती है। वहीं, धारा 45 का उपयोग अदालत ही कर सकती है। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 19 ईडी को ये अधिकार देती है कि अगर सबूतों के आधार पर एजेंसी को लगता है कि कोई व्यक्ति मनी लॉन्ड्रिंग का दोषी है तो वो उसे गिरफ्तार कर सकती है। ऐसी गिरफ्तारी के लिए एजेंसी को बस आरोपी को कारण बताना होता है।

**बद्रीनाथ हाईवे पर चौथे दिन...**के लिए कई विस्फोट किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब बीआरओ इस चट्टान और पहाड़ी को काटकर सड़क तैयार कर रहा है। इस कार्य में लगे 12 श्रमिक और एसडी आरएफ की टीम गुरुवार दोपहर बाल-बाल बच गई। रास्ता खोलने के दौरान पहाड़ी से भूस्खलन हुआ और बड़ी मात्रा में मलबा व पत्थर फिर से मार्ग पर आ गिरे। गनीमत रही कि इससे पहले श्रमिक और एसडीआरएफ जवान दौड़ लगाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। इस दौरान दो श्रमिकों को हल्की चोट आई। मौके पर ही प्राथमिक उपचार के बाद श्रमिक फिर से रास्ता खोलने में जुट गए। बीआरओ कमांडर कर्नल अंकुर महाजन ने बताया कि राजमार्ग को खोलने के लिए कार्य लगातार जारी है। पहाड़ी से रुक-रुक पत्थर और मलबा गिरने से खतरा बना हुआ है, बावजूद इसके श्रमिक डटे हुए हैं। इस कारण ड्रिल मशीन को क्षति पहुंचने के साथ दो श्रमिकों को हल्की चोट भी आई है। गुरुवार को दिनभर पैदल आवाजाही होती रही। शुक्रवार को राजमार्ग यातायात के लिए सुचारु कर दिया जाएगा।

**कोतवाल के खिलाफ ..**ऑडियो रिकॉर्डिंग से पता लगा। उधम सिंह नगर की पुलिस के महिलाओं के प्रति द्वेष भावना और शोषण आए दिन प्रकाश में आ रहे हैं। कल भगवानपुर में रुद्रपुर कोतवाल धीरेंद्र कुमार द्वारा महिलाओं के संग मारपीट व गाली गलौज करने और महिलाओं के आईसीने पर हाथ रखकर धक्का मारने का घृणित और अक्षम्य कृत्य किया गया। जिसकी वीडियो भी सार्वजनिक हुई है। संवैधानिक पद पर नियुक्त एक पुरुष पुलिस अधिकारी द्वारा किये गए उक्त असवैधानिक कृत्य है। अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओ ने अवगत कराया है कि उन्हें अपने घर से सामान निकालने के लिए भी रोका जा रहा था। विधायक के कहने पर हम लोग डीएम ऑफिस पहुंचे थे, प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में उपस्थित न होने के कारण हमारे पीठ पीछे हमारे घरों पर बुलडोजर चला दिया गया। जब वापस जाकर देखा कि हमारे घर तोड़ दिए गए हैं तो हम अपना सामान निकालने के लिए जब अपने घर के तरफ बड़े तो पुरूष पुलिस अधिकारियों ने हमें रोककर गाली गलौज की और हमारे शरीर को आपत्तिजनक तरीके से छुआ और सीने पर हाथ रखकर हमें धक्का दिया गया। भारतीय संविधान किसी भी पुरुष अधिकारी को यह अधिकार नहीं देता है कि किसी महिला के संग हाथपाई और मारपीट करें। ज्ञापन में रुद्रपुर कोतवाल धीरेंद्र कुमार आदि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पूरी होने तक उनको तत्काल उनके पद में निलंबित करने की मांग की गई। अगर 24 घंटे में कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो मजबूरन भगवानपुर के हम ग्राम वासियों को सामाजिक और मजदूर किसान और राजनीतिक संगठनों संग मिलकर कार्यालय के सामने धरना देने के लिए विवश होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी । प्रदर्शन करने वालों में सुनीता, विमला देवी, रानी, राधिका, फूलमती, आरती, नेहा, बेबी, पुष्पा, आशा, शकुंतला, संजू, इंद्रा, शांति, गुड्डी, मालती, रामावती, अंबिका, नीरबाला आदि शामिल थीं।

**सड़क टूटने से स्टेट...**बच्चों को हल्द्वानी के स्कूलों में लाया जा रहा है छोड़ते समय भी दो-दो बसो का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं शुक्रवार की सुबह अचानक एक लिपटिश का पेड़ बीचो बीच रोड में गिर गया जिस कारण पूरी तरह मार्ग बंद हो गया इस बड़ी समस्या को देखते हुए बिजली विभाग व वन विभाग पुलिस द्वारा काफी मशक्कत के बाद जेसीबी से पेड़ हटा कर यातायात सुचारू कराया गया।

**२०२७ के चुनाव में पूर्ण..**शर्मा आदि मौजूद थे। इससे पूर्व कांग्रेसियों ने रूद्रपुर पहुंचने पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अगुवाई में पूर्व सीएम हरीश रावत का जोरदार स्वागत किया। साथ ही उन्हें उजाड़े गये लोगों के पुनर्वास को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। हरीश रावत ने मामले को लेकर सीएम से वार्ता करने की बात कही।

**घर में घुस कर ..**दरवाजा टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। उसने घर में रखे आभूषण, नकदी व अन्य सामान देखा तो घर में नकदी, सोने व चाँदी के आभूषण, सोने व चाँदी के सिक्के, अष्टधातु व चाँदी की बनी मूर्तियाँ व अन्य सामान गायब है।पीड़ित ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी करने वाले पर मुकदमा दर्ज

## गुरुद्वारा साहिब के सेवादार ने दर्ज कराई रिपोर्ट

सितारगंज(उद संवाददाता)। दुर्गम बाढ़ग्रस्त क्षेत्र गुरुनानक नगरी गोठा में स्थापित गुरुद्वारा साहिब में घुसकर श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप को जलाने वाले आरोपी के खिलाफ गुरुद्वारे के सेवादार ने मुकदमा दर्ज कराया है। इस दुखद घटना के बाद श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप को गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचाया गया है। गुरुनानक नगरी गोठा निवासी कुलवंत सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गुरुनानक नगरी गोठा में स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में वह करीब 25 वर्षों से सेवा कर रहे हैं। गुरुद्वारे में एक बड़ा कमरा बना हुआ है। जिसके बीच दरवाजे के सामने पालकी साहिब पर श्री गुरुग्रंथ साहिब विराजमान थे। जो करीब 10 वर्ष पुराने धार्मिक अनुष्ठान के तहत स्थापित किए गए थे। 11 जुलाई की सुबह गुरुद्वारे में 5 से 7 बजे तक प्रकाश किया गया। उसके बाद गुरुद्वारा का कुंडा बंद कर दिया गया। सेवक मुख्तार सिंह घर चले गए। दोपहर करीब 12:30 बजे कृष्ण सिंह उर्फ किशन सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी नकहा लौका गुरुद्वारे में आया। जिसे गांव के महेंद्र सिंह पुत्र जगतार सिंह, इकबाल सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह और उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में घुसते हुए देखा। आरोप है कि वे गुरुद्वारे में माथा टेकने गए तो किशन सिंह ने श्री गुरुग्रंथ साहिब में आग लगा दी। धुंआ उठता देख वह लोग बाहर आए। उस समय किशन सिंह कमरे में मौजूद था इस दौरान शोर सुनकर लोगों ने किशन सिंह को मौके पर पकड़ लिया। जिसकी सूचना मिलते ही गांव के मनजीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह और दरबार सिंह पुत्र मिल्खा सिंह भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान उनके द्वारा श्री नानकमत्ता साहिब कमेटी को सूचना दी गई और पुलिस को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी किशन सिंह ने धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। जिसे सिख समाज के लोगों में काफी रोष है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## दोषियों पर होगी कड़ी कारवाई: जोगिंदर सिंह

सितारगंज। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह ने प्रेस नोट जारी कर गुरु नानक नगरी गोठा में गुरुद्वारा साहिब में अग्निकांड के चलते गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप अग्नि भेंट होने की सूचना पर दुख प्रकट किया। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता साहिब की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब श्री अमृतसर साहिब, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर साहिब और स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य स्थापित कर मामले की कोशिश कराई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि घटना में लिप्त दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब प्रतिबद्ध है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# चोरी की घटना के बाद एएसपी ने सतानत धर्म मंदिर का किया निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। विगत दिनों सनातन धर्म मंदिर गदरपुर में हुई चोरी की घटना के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के साथ मंदिर पहुंचकर कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता की एवं घटनास्थल का मुआयना किया। इस अवसर पर गुंजन सुखीजा ने कहा कि सनातन धर्म मंदिर हम सब की आस्था का केंद्र है और ऐसे स्थान पर चोरी



की घटना होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना का जल्द से जल्द खुलासा होना चाहिए। अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह ने कहा कि पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, लेखराज नागपाल,सोमनाथ छाबड़ा,राजू सिंधी,लेखराज भुड्डी, किशन बत्रा,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, कपिल गंडा, डॉक्टर सोनू विश्वास,परमजीत सिंह पम्मा,हरीश रल्हन,निपुण गगनेजा,हैप्पी चन्द्रा,कुणाल रस्तोगी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्रीमद् भागवत की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई । कलश यात्रा की शुरुआत ओंकार राइस मिल से हुई जिसमें हजार श्रद्धालुओं ने भाग लिया । कलश यात्रा ओमकार राइस मिल से होते हुए गुरुद्वारा रोड से वापस राइस मिल में संपन्न हुई। कलश यात्रा में भारी तादात में महिलाओं ने भागीदारी की। लक्ष्मण दास महाराज भागवत कथा 18 तारीख रोज ओमकार राइस मिल के प्रांगण में करेंगे । 18 तारीख को ही राइस मिल के प्रांगण में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में मुख्य यजमान कैलाश गोयल,राधेश्याम गोयल , मदन अग्रवाल, के बी अग्रवाल , लख्खी अग्रवाल , अंकुर अग्रवाल , उमेश अग्रवाल , मनोज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल , शुभम अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल ,मुकेश आदि उपस्थित रहे ।




# किशोर को चढ़ा बालिका से शादी का बुखार, मामला पहुंचा पुलिस थाने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किशोर को नाबालिग बालिका से शादी करने का बुखार चढ़ गया। जिसे लेकर दोनों परिवारों के मध्य विवाद हो गया और दोनों परिवार थाने आकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। बताया जाता है कि नगर के एक मौहल्ले का निवासी किशोर और बालिका एक दूसरे से मोबाईल पर बातचीत करने से साथ ही मैसेज का आदान प्रदान करते थे। इस बात का जब उनके परिजनों को पता चला तो उन्होंने दोनों बच्चों को डांट डपट कर भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी। लेकिन इसके बावजूद दोनों के बीच सम्पर्क निरंतर बना रहा। जिसको लेकर बालिका पक्ष के परिजन थाने आ पहुंचे । उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि लड़का उनकी पुत्री को फोन कर परेशान करता है। 9 जुलाई को लड़के के कई रिश्तेदार



उसके घर पर आ गये और कहने लगे कि अपनी लड़की की शादी इस लड़के से करा दो। यह खाना नहीं खा रहा है और फांसी लगा लेने की धमकी दे रहा है। जब उनसे कहा कि उनकी लड़की छोटी है अभी शादी नहीं कराऊंगी। इस पर वह बोले यदि लड़के ने कोई गलत कदम उठा लिया तो इसके जिम्मेवार तुम होगे। बालिका के परिजनों का आरोप है कि शुक्रवार प्रात: लड़के के परिजनों ने फोन कर उनसे गाली गलौच की। जब वह समझाने के लिए लड़के के घर गये तो परिजन मारपीट पर उतारू हो गये। वहीं दूसरे पक्ष ने भी थाने में पुलिस के समक्ष बालिका पक्ष पर कई आरोप मढ़ दिये। काफी देर तक चले आरोप प्रत्यारोपों के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों से आपस में बैठकर मामला सुलझाने या एक दूसरे के विरूद्ध मुकदमा लिखवाने को कह दिया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सूखा ताल को झील के रूप में विकसित करने के लिए 29 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

नैनीताल(उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सूखाताल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान प्रबंधक निदेशक केएमवीएन, सचिव प्राधिकरण, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, नायब तहसीलदार नैनीताल, सिंचाई विभाग, जल संस्थान आदि विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। सूखा ताल को झील के रूप में विकसित करने के लिए 29 करोड़ की लागत से इसका सौंदर्यीकरण कार्य किया जाना है, जिसके मास्टर प्लान का कुमाऊं आयुक्त ने गहन अध्ययन कर जानकारी ली। प्रबंधक निदेशक केएमवीएन डां. संदीप तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा सुखाताल सौंदर्यीकरण के विकास कार्य किए जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इस ताल को 05 नाले रिचार्ज करते हैं। उनके द्वारा ताल के सौंदर्यीकरण कार्यों में ताल का समतलीकरण, साफ-सफाई, सिटिंग अरेंजमेंट, लाइटिंग, पाथ-वे, बुडिंग कार्य



और इसके निकट बनी बहुमंजिला पार्किंग बिल्डिंग के नीचे 09 दुकानों व लिफ्ट का कार्य भी किया जाना है। इसके अतिरिक्त सूखाताल में पर्यटकों के लिए बोटिंग, कैस्केड जैसी गतिविधियां भी प्रदान की जाएगी। आयुक्त दीपक रावत ने कहा सुखाताल के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र कर लिया जाए और सौंदर्यीकरण का कार्य उच्च गुणवत्ता युक्त हो। इस दौरान मामला सामने आया कि एक नाले में प्राकृतिक स्रोत के जल के साथ सीवेज का जल भी ताल में आ रहा है, जिसकी यथाशीघ्र उचित व्यवस्था करने के लिए कुमाऊं आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा ताल का पानी स्वच्छ और साफ होना चाहिए, इसमें बरती गई लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी से काम करें। इस दौरान सूखाताल परिसर में बृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्य भी किया गया।

